संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-202 शुक्रवार,24 मई 2024, पृष्ठ- 8 मूल्य 2 रूपये

# पूर्व पीएम एचडी देव गौड़ा ने लिखा खुला पत्र

### » दी वापस लौटने की चेतावनी





बेंगलुरु, 23 मई 2024 (ए)। प्रज्वल रेवन्ना यौन उत्पीड़न मामले में प्रज्वल के दादा और देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने अपने पोते को कड़ी चेतावनी दी है। जनता दल (सेक्युलर) के प्रमुख एचडी देवगौड़ा ने अपने पोते और यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को कड़ी चेतावनी देते हुए देश लौटने और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अगर रेवन्ना पर लगे आरोप सही निकले तो उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

अपने पत्र में उन्होंने लिखा, पिछले कुछ हफ्तों में लोगों ने मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ सबसे कठोर शब्दों का इस्तेमाल किया है। मुझे इसकी जानकारी है। मैं उन्हें रोकना नहीं चाहता। मैं उनकी आलोचना नहीं करना चाहता। मैं उनसे यह बहस करने की कोशिश नहीं करूंगा कि उन्हें सारे तथ्य सामने आने तक इंतजार करना चाहिए था।

उन्होंने आगे लिखा है, मैं लोगों को यह भी विश्वास नहीं दिला सकता कि मैं प्रज्वल की गतिविधियों से अनजान था। मैं उन्हें यह विश्वास नहीं दिला सकता कि मुझे उनकी रक्षा करने की कोई इच्छा नहीं है। मैं उन्हें यह विश्वास नहीं दिला सकता कि मुझे उसकी गतिविधियों के बारे में जानकारी नहीं है और मुझे उसकी विदेश यात्रा के बारे में जानकारी नहीं थी। मैं अपनी अंतरात्मा को जवाब देने में विश्वास रखता हूं। मैं ईश्वर में विश्वास करता हूं, और मैं जानता हूं कि सर्वशक्तिमान सत्य जानता है।

लगभग एक महीने पहले देश छोड़कर भाग गए प्रज्वल को चेतावनी देते हुए देवेगौड़ा ने लिखा कि अगर प्रज्वल के मन में उनके दादा के प्रति कोई सम्मान है तो वह लौट आएं। उन्होंने आगे लिखा, %%मैं केवल एक ही काम कर सकता हूं। मैं प्रज्वल को कड़ी चेतावनी दे सकता हूं और उससे कह सकता हूं कि वह जहां भी है वहां से लौट आए और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दे। उन्हें खुद को कानूनी प्रक्रिया के अधीन करना चाहिए। यह कोई अपील नहीं है जो मैं कर रहा हूं, यह एक चेतावनी है जो मैं जारी कर रहा हूं। देवेगौड़ा ने अपने पत्र के जरिए प्रज्वल से यह भी कहा कि परिवार के सदस्यों की बात न मानने से पूरी तरह अलगाव हो जाएगा। उन्होंने कहा, अगर उसने इस चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया तो उसे मेरे और अपने परिवार के सभी सदस्यों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। कानून उन पर लगे आरोपों पर ध्यान देगा, लेकिन परिवार की बात न सुनने से उनका पूर्ण अलगाव सुनिश्चित हो जाएगा। अगर उनके मन में मेरे लिए कोई सम्मान बचा है, तो उन्हें तुरंत लौटना होगा। इस बीच, पूर्व पीएम ने इस बात पर भी जोर दिया कि वह किसी भी तरह से जांच को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।

## प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द किया जाए

### विदेश मंत्रालय से कर्नाटक सरकार की गुजारिश

बेंगलुरू, 23 मई 2024(ए)। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने पीएम मोदी को पत्र



लिखकर जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने की मांग उठाई है। साथ-साथ उनकी भारत वापसी के लिए तत्काल प्रभाव से ठोस कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इसके बाद विदेश मंत्रालय एक्शन मोड में दिखाई दे रहा है। इस संबंध में कार्रवाई की जा रही है। प्रज्वल रेवन्ना कथित बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहा है। वह देश छोड़कर भाग गया है। उसकी गिरफ्तारी वारंट के बाद रेड कॉर्नर नोटिस जारी भी किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबर


### सोनिया गांधी ने दिल्ली वालों से की ये खास अपील

नई दिल्ली , 23 मई 2024 (ए)। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने इस चुनाव को लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव बताते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मतदाताओं से दिल्ली की सभी सातों सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों को



जिताने की अपील की है। गांधी ने गुरुवार को यहां कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण हो रहा है और संविधान तथा लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है इसलिए इंडिया गठबंधन को वोट देकर जिताना है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बचाना है। उन्होंने कहा ÷मेरे प्यारे दिल्ली वासियों, यह एक बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव बेरोज़गारी, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। आपको इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभानी है।

### आरोपी अच्छे घर से है...हाईकोर्ट से हैरान करने वाला मामला



भोपाल , 23 मई 2024(ए)। एक नाबालिग लड़की को अश्लील कॉल और व्हॉट्सऐप जरिए लगातार तंग वाले आरोपी को कोर्ट ने अस्थाई जमानत दे दी। कोर्ट ने इसके बदले आरोपी को समुदायिक सेवा करने के लिए कहा है। साथ ही जिक्र किया है कि आरोपी अच्छे घर से है। अदालत का कहना है कि इस मामले में लगे आरोप बहुत ही बुरे हैं, लेकिन आरोपी को अपना आचरण सुधारने का एक मौका मिलना चाहिए।

### दोस्त ने हत्या के लिए 5 करोड़ रुपये की दी थी सुपारी



कोलकाता, 23 मई 2024(ए)। बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनके एक दोस्त ने हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मीडिया को यह जानकारी दी। उधर बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने बुधवार को कहा था कि 13 मई से कोलकाता में लापता अनार की हत्या हुई है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने बताया कि मामले की जांच राज्य सीआईडी कर रही है।

# शराब घोटाले की कमाई हो या फिर नेशनल हेराल्ड घोटाला भ्रष्टाचारियों से पाई-पाई की वसूली होगी

नई दिल्ली, 23 मई 2024 (ए)। दिल्ली के द्वारका में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गांधी परिवार, अरविंद केजरीवाल और विपक्षी दलों के अन्य नेताओं पर सीधा हमला बोलते हुए कहा है कि शराब घोटाले की कमाई हो या फिर नेशनल हेराल्ड घोटाला, उनकी सरकार भ्रष्टाचारियों की संपत्ति का एक्सरे करेगी और इन भ्रष्टाचारियों से पाई-पाई की वसूली की जाएगी।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद दिल्ली में अपनी दूसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग घोर भ्रष्टाचारी हैं। ये लोग नोटों की गड्डियों के साथ रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। झारखंड



हो या पश्चिम बंगाल,सब जगह इनका भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है।

### कलकत्ता उच्च न्यायालय का ओबीसी संबंधी आदेश विपक्ष के गाल पर करारा तमाचा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में 2010 से '77 वर्गों (समुदायों)' को दिए गए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के दर्जे को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को विपक्ष के लिए ''एक करारा तमाचा'' बताया और आरोप लगाया कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का ''तुष्टीकरण का जुनून'' हर सीमा को पार कर गया है।

### उच्च न्यायालय ने क्या कहा?

उच्च न्यायालय ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि इन वर्गों को ओबीसी घोषित करने में ''धर्म वास्तव में एकमात्र मापदंड जान पड़ता है।'' पीठ ने कहा कि अदालत का मन इस संदेह से मुक्त नहीं है कि ''राजनीतिक लाभ के लिए उक्त समुदाय (मुसलमान) को वस्तु के रूप में समझा गया।'' उच्च न्यायालय ने कहा, ''यह उन घटनाओं की श्रृंखला से स्पष्ट है जिनके फलस्वरूप 77 वर्गों को ओबीसी श्रेणियों में डाला गया और उन्हें इस श्रेणी में डालकर वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया।''मोदी ने यहां द्वारका में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी वह 'मुस्लिम' शब्द बोलते हैं, तब उन पर सांप्रदायिक बयान देने का आरोप लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि वह तो बस ''तथ्यों को सामने लाकर'' विपक्ष को ''बेनकाब'' कर रहे हैं।

# चुनाव आयोग ने कोर्ट में दी दलील




### » मतदान केंद्र-वार आंकड़े जारी करने से अराजकता फैल जाएगी...

नयी दिल्ली, 23 मई 2024 (ए)। निर्वाचन आयोग ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत डेटा के अविवेकपूर्ण खुलासे और इसे वेबसाइट पर पोस्ट करने से चुनावी मशीनरी में अराजकता फैल जाएगी, जो मौजूदा लोकसभा चुनाव में जुटी है। आयोग ने कहा कि एक मतदान केंद्र में डाले गए वोटों की संख्या बताने वाले फॉर्म 17 सी का विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता और और इससे पूरे चुनावी तंत्र में अराजकता फैल सकती है क्योंकि इससे तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ की संभावना बढ़ जाती है।आयोग ने इस आरोप को भी गलत और भ्रामक बताते हुए खारिज किया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरण में मतदान के दिन जारी किए गए आंकड़ों और बाद में दोनों चरणों में से प्रत्येक के लिए जारी प्रेस विज्ञप्ति में 5-6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। आयोग ने एक गैर सरकारी संगठन की याचिका के जवाब में दायर एक हलफनामे में यह बात कही।

### विपक्ष साध रहा है निशाना


कांग्रेस ने मतदान के वास्तविक समय के आंकड़ों (रियल टाइम फिगर) और निर्वाचन आयोग के जारी अंतिम आंकड़ों के बीच बड़े अंतर को लेकर सवाल उठाया और कहा कि देश में मतदाता इससे चिंतित हैं।

# सौम्या ने किया एवरेस्ट फतह

### » अब अंटार्कटिका के विनसन मैसीफ पर निगाहें

नई दिल्ली,23 मई 2024 (ए)। सोलह साल की काम्या कार्तिकेयन माउंट एवरेस्ट के शिखर पर नेपाल की तरफ से पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। नेवी चिल्ड्रन स्कूल, मुंबई की 12वीं कक्षा की छात्रा की इस उपलब्धि पर भारतीय नौसेना ने गुरुवार को उन्हें बधाई दी। काम्या ने अपने पिता और नौसेना अधिकारी कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ 20 मई को 8,849 मीटर ऊंचे पर्वत शिखर को फतह करने का कारनामा कर दिखाया था।

नौसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, काम्या ने सात में से छह महादेशों के सबसे ऊंचे पर्वत शिखरों पर पहुंचने में अदम्य और सतत साहस का परिचय दिया है। भारतीय नौसेना सभी सात महादेशों के सर्वोच्च शिखरों पर फतह हासिल कर ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की लड़की बनने की उनकी महत्वाकांक्षा के लिए युवा काम्या को शुभकामनाएं देती है।



काम्या का अगला लक्ष्य इस साल दिसंबर में अंटार्कटिका का माउंट विनसन मैसीफ को फतह करना है। यह मुकाम हासिल करते ही वह सभी सात महादेशों के सर्वोच्च शिखरों पर पहुंचने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की बन जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2020 के 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा था कि छोटी उम्र की काम्या कार्तिकेयन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

जनवरी 2021 में उन्होंने युवा पर्वतारोही (जो उस समय मात्र 13 साल की थी) से वर्चुअली संवाद किया था। उन्होंने राष्ट्रपति बाल पुरस्कार प्राप्त करने पर सौम्या को बधाई देते हुए उसे और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए शुभकामनाएं दी थीं।

# जिंदा बेटी की छपवा दी शोक पत्रिकाएं

जयपुर,23 मई 2024 (ए)। राजस्थान के उदयपुर के सोयरा कस्बे में एक पिता ने अपनी जिंदा बेटी की शोक पत्रिका छपवा दी। इतना ही नहीं परिवार ने मुंडन करवा कर मृत्यु भोज तक कर दिया. बेटी के घर से भाग अंतरजातीय विवाह करने के बाद पिता ने यह कदम उठाया है। सायरा पंचायत समिति में दो महीने पहले सुआवतों का गुड़ा गांव की एक लड़की ने गैर समाज के प्रेमी के साथ भाग कर शादी कर ली। जब पुलिस ने उसे पकड़ा और मां-बाप के सामने पेश की गई, तो उसने उन्हें पहचानने से ही इनकार कर दिया। इससे पिता इतना आहत हुआ कि बेटी को मरा हुआ मान लिया। पिता ने शोक पत्रिका छपवाई और उसमें बेटी के 22 मई को अंतरजातीय विवाह करने की वजह लिखते हुए लोगों को उठावने का निमंत्रण भेज दिया। इसी को लेकर बुधवार को पिता समेत परिजनों ने सिर भी मुंडवाए और मृत्युभोज किया। परिवार को सांत्वना देने के लिए कई रिश्तेदार भी जुटे थे।



परिजनों का कहना है कि जिस बेटी को लाड प्यार से बड़ा किया। उसने हमें बिना बताए इतना बड़ा कदम उठाया। जब मिलने के बाद उसने हमें पहचान से इनकार कर दिया, तो हम इस बात को भूल नहीं पाए। इसलिए पूरे परिवार को यह कदम उठाना पड़ा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। लड़की के माता-पिता का कहना है कि जब हमारी बेटी ने हमें पहचानने से इनकार कर दिया, तब से वह हमारे लिए मर चुकी है। थाने में लड़का और लड़की दोनों के माता-पिता को बुलाया गया। जहां लड़की ने अपने माता-पिता को पहचानने से इंकार कर दिया।

# नाव पलटने से 3 जवान शहीद

### नदी में डूबे बच्चों की तलाश में निकली एसडीआरएफ के साथ हादसा



अहमदनगर,23 मई 2024 (ए)। महाराष्ट्र के अहमदनगर से बड़ी खबर सामने आई है। प्रवरा नदी में डूबे दो बच्चों की तलाश के लिए गए एसडीआरएफ के जवानों की नाव तेज बहाव के कारण डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की बोट ही पानी में डूब गई और तीन जवान शहीद हो गए। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

दरअसल, दो बच्चों के डूबने की सूचना मिलने के बाद मौके पर एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। तलाश करने के दौरान एक बच्चे का शव भी मिला और दूसरे का शव नहीं मिला था ऐसे में एसडीआरएफ टीम ने 23 मई की सुबह छह बजे से सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इस पूरी घटना में अब तक पांच लोगों की मौत हो गई है, जिसमें दो बच्चे और तीन जवान शामिल है। दो जवानों का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। कुछ दिन पहले नदी में गांव के दो बच्चे डूब गए थे, एसडीआरएफ के जवानों ने प्रवरा नदी में डूबे दोनों लोगों की तलाश शुरू कर दी। लेकिन बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नदी के बहाव में पानी की गति काफी तेज हो गई। पानी का बहाव तेज हो जाने के कारण नाव गति संभाल नहीं पाई और पानी के बहाव में डूब गई। इस हादसे में तीन जवान शहीद हो गए हैं।

# नंदीग्राम में बीजेपी कार्यकर्ता की हत्या के बाद बवाल



## बीजेपी महिला कार्यकर्ता की हत्या के बाद तनाव,सड़कें जाम,सुरक्षाबलों ने संभाला मोर्चा

पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के तमलुक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत नंदीग्राम में गुरुवार सुबह भाजपा कार्यकर्ता रोटीबाला अरी की हत्या को लेकर तनाव बढ़ गया है। रोटीबाला की हत्या के खिलाफ लोगों ने सड़कों पर टायर जलाकर जाम लगा दिया। टीएमसी कार्यकर्ताओं की कुछ दुकानों को भी आग के हवाले कर दिया गया। सबसे अधिक तनाव सोनाचूरा इलाके में हैं। कथित रूप से तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हमलावरों ने इसी इलाके में घटना को अंजाम दिया। धारदार हथियार से किए गए हमले में भाजपा की महिला कार्यकर्ता की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मौके पर रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

### » सात लोग घायल

कोलकाता,23 मई 2024(ए)। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान से पहले बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हुई है। बुधवार देर रात हुई इस झड़प में भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता की मौत हो गई जबकि पार्टी के सात कार्यकर्ता घायल भी हुए हैं।भाजपा ने हमले का आरोप टीएमसी पर लगाया है। यह घटना नंदीग्राम के सोनचूरा गांव की बताई जा रही है। स्थानीय भाजपा नेताओं का आरोप है कि टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने धारदार हथियार से हमला किया। हालांकि टीएमसी ने आरोपों को खारिज किया है। मृत महिला भाजपा कार्यकर्ता का नाम रथीबाला आड़ी बताया गया है। घटना से इलाके में तनाव का माहौल है।बता दें कि पूर्व मेदिनीपुर सहित जंगलमहल के जिलों की आठ सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। गुरुवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। उससे पहले हिंसा की इस घटना से सियासी पारा गर्मा गया है। पश्चिम बंगाल में तामलुक, कांथी, घाटल, झाड़ग्राम, मेदिनीपुर, पुरुलिया, बंकुरा, बिशनुपुर लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव है। सभी सीटों पर मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। यहां कुल प्रत्याशियों की संख्या 79 है।



# दो अभिनेत्रियों में ड्रग की पुष्टि,98 लोगों के ब्लड सैंपल की जांच

बेंगलुरु,23 मई 2024(ए)। बेंगलुरु में 20 मई को एक फार्म हाउस में आयोजित रेव पार्टी में शामिल हुईं दो तेलुगु अभिनेत्रियों के ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में ड्रग के सेवन की पुष्टि हुई है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया, बेंगलुरु में इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी क्षेत्र में स्थित जीएम फार्म हाउस में रेव पार्टी आयोजित की गई थी। पार्टी में शामिल होने वाले 98 लोगों के ब्लड सैंपल जांच के लिए गए। रिपोर्ट में 86 लोगों में ड्रग के सेवन की पुष्टि हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 50 से ज्यादा पुरुषों और करीब 30 महिलाओं में ड्रग के सेवन की पुष्टि हुई। सीसीबी पुलिस अधिकारियों की विशेष शाखा इन सभी को नोटिस भेजने और पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी कर रही है।

# केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी आग,8 की मौत 60 घायल



ठाणे, 23 मई 2024(ए)। ठाणे के डोंबिवली में एमआईडीसी परिसर में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में गुरुवार को तीन विस्फोटों के बाद भीषण आग लग गई। इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया,थोड़े-थोड़े अंतराल पर तीन विस्फोट हुए। विस्फोट इतने जबरदस्त थे कि आसपास के घर हिल गए और कुछ घरों के शीशे टूट गए। भयभीत स्थानीय लोग घरों से निकलकर बाहर आ गए। विस्फोटों की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई। कुछ ही मिनटों बाद, फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हवा में धुएं के घने बादल छाए देखे गए। सूचना मिलने पर आधा दर्जन फायर टेंडर, पानी के टैंकर और बचाव दल मौके पर पहुंचे। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, विस्फोट और आग लगने की घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। जबकि 48 अन्य को फैक्ट्री से बचाया गया और पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया। विस्फोट लंच के समय अमुदान केमिकल कंपनी लिमिटेड के बॉयलर में हुए। जिला अधिकारियों ने पुलिस के साथ बचाव अभियान चलाने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय फायर ब्रिगेड को लगाया है।

## संपादकीय

### भीषण गरमी से लोग परेशान

देश के विभिन्न इलाकों में भीषण गरमी पडने से लोग परेशान हैं। दिल्ली,राजस्थान, मध्यप्रदेश,पंजाब व उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर 46-47 डिग्री तक पारा चला गया।मौसम विभाग द्वारा अगले पांच दिनों तक लू चलने तथा भीषण गरमी पडने का अनुमान जताया है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी इलाके में भी गरमी बढ़ रही है। गुजरात के तटीय इलाकों में गर्मी और उमस बढ़ गई है। दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब व राजस्थान के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। उप्र, बिहार व गुजरात ऑरेंज अलर्ट में हैं। कोढ़ में खाज' यह कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक भी खराब हो गया है। कार्बन डाईऑक्साइड यानी प्रदूषण बढने से भी मौसम में शुष्कता बढ़ती जाती है। साथ ही राजस्थान से आने वाली हवाएं अभी दिल्ली को और भी झुलसाएंगी। अल नीनो तथा मजबूत सोलर आइसोलेसन के चलते तापमान लगातार बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार अलनीनो इफेक्ट मध्य व पूर्वी प्रशांत महासागर का तापमान सामान्य से बहुत ज्यादा हो जाता है। भीषण गरमी से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। हालांकि बच्चों, बुजुगरे व बीमारों का ऐसे में विशेष ख्याल रखने को कहा जाता है, परंतु मौसम की इस मार से सतर्क रहने के हर किसी को प्रयास करने चाहिए।इस भीषण गरमी के चलते लोगों को हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ रहा है। लू के चलते पेट संबंधी गड़बियां, तेज ज्वर, उल्टी-दस्त आम समस्या हैं।काम के चलते लोगों को मजबूरी में घरों से बाहर निकलना ही पड़ता है। ऐसे में विशेषज्ञों की राय है कि वे खुद को अच्छी तरह लपेट कर, सिर को ढक कर और ढेर सारा पानी पीकर ही निकलें। लस्सी, शकिंजी, छाछ पीने तथा तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी खूब खाने की सलाह भी दी जा रही है।कुल मिलाकर आम आदमी के लिए मौसम की मार से बचना लगभग नामुमकिन है। हालांकि ये विपदाएं प्राकृतिक हैं, इनसे सभी को जूझना है। मगर सरकारें चाहें तो दफ्तरों व सरकारी विभागों के काम के समय में परिवर्तन कर सकती हैं।जो या जहां संभव हो, घर से काम की व्यवस्था लागू हो। साथ ही निजी कंपनियों व बाजार को निर्देश जारी कर भोर व देर रात काम की व्यवस्था का आदेश जारी कर सकती हैं। मौसम के अनुरूप व्यवस्था करने के लिए धन से अधिक नैतिक संबल व संवेदनशीलता की जरूरत है।

# वाराणसी संसदीय क्षेत्र में वो सात लोग कौन हैं

# जो दे रहे हैं पीएम मोदी के चुनाव प्रचार को नई धार

**>> प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में काम कर रही भाजपा की मुख्य टीम में शामिल सात सदस्यों की बात करें तो आपको बता दें कि इसमें प्रमुख नाम सुनील बंसल का है...वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भरोसेमंद लोगों में से एक हैं...सुनील बंसल पिछले कुछ महीनों से लगभग सारा समय वाराणसी में दे रहे हैं...<<**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से लगातार तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। देखा जाये तो वाराणसी में भाजपा उम्मीदवार के रूप में प्रधानमंत्री मोदी की जीत पर किसी को कोई संशय नहीं है लेकिन भाजपा का प्रयास है कि इस बार की जीत पहले से ज्यादा बड़े अंतर से होनी चाहिए। भाजपा ने बीस लाख के आसपास मतदाताओं की संख्या वाली वाराणसी सीट पर प्रधानमंत्री को 10 लाख से ज्यादा वोट दिलवाने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए पार्टी ने तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां बांट कर उन्हें काम पर लगा दिया है। भाजपा के स्थानीय विधायक, पार्षद तो छोटी-छोटी टोलियां बनाकर घर-घर संपर्क साध ही रहे हैं साथ ही जिन-जिन राज्यों में चुनाव हो चुके हैं वहां-वहां के भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी वाराणसी आकर प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार में हाथ बंटा रहे हैं। हम आपको बता दें कि दूसरे राज्यों से आये प्रवासी कार्यकर्ताओं से समन्वय के लिए प्रधानमंत्री के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में टीमें बना दी गयी हैं। दूसरे राज्यों से आये लोग वाराणसी में खासकर उन स्थानों पर जा रहे हैं जहां उनके राज्य के लोगों की बहुतायत है। जैसे महाराष्ट्र से आये कार्यकर्ता वाराणसी में मराठी इलाकों में जा रहे हैं, राजस्थान से आये कार्यकर्ता उन इलाकों में जा रहे हैं जहां राजस्थानी मूल के लोग रहते हैं। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में इस समय उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम के कार्यकर्ताओं का जो समागम हो रखा है वह देखते ही बनता है। प्रभासाक्षी ने अपनी चुनाव यात्रा के दौरान पाया कि प्रवासी कार्यकर्ताओं को काशी में पड़ रही भीषण गर्मी से जरा भी कष्ट नहीं हो रहा है और उनका प्रयास है कि प्रधानमंत्री की जीत देश में सबसे बड़ी जीत के रूप में दर्ज हो।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने अपने नामांकन से पहले भव्य रोड शो और उसके बाद हाल ही में स्त्री शक्ति के साथ संवाद कार्यक्रम के जरिये तो अपना प्रचार किया ही साथ ही प्रचार की हर गतिविधि पर खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी नजर रखे हुए हैं। चुनाव प्रचार में कहीं कोई कमी नहीं रह जाये इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लगातार काशी का दौरा कर रहे हैं। भाजपा के कई केंद्रीय नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों और उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों के मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को भी वाराणसी में प्रचार की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा काशी की जनता खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रचार कर रही है। देखा जाये तो यहां कहने को तो कई उम्मीदवार मैदान में हैं लेकिन आपको सड़कों पर लगे होर्डिंगों और घरों पर लगे भाजपा के झंडों तथा प्रधानमंत्री की तस्वीर वाले स्टीकरों से पता चल जायेगा कि यहां का चुनावी मिजाज क्या है।



लेकिन आज वाराणसी में प्रचार की जो छटा दिखाई पड़ रही है उसके लिए एक टीम ने खास मेहनत की है। यह टीम पिछले कई महीनों से काशी में डटी हुई है और पर्दे के पीछे रहते हुए सारे चुनाव प्रचार अभियान का संचालन कर रही है। इस टीम में जो सात लोग शामिल हैं वह दिन भर आपको प्रधानमंत्री के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में विभिन्न बैठकों के माध्यमों से प्रचार अभियान की समीक्षा करते, देशभर से आ रहे कार्यकर्ताओं से मिलने और प्रचार में कहीं किसी प्रकार की कमी ना रह जाये, इसकी चिंता करते हुए दिखेंगे। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार अभियान से जुड़े हर छोटे-बड़े काम को देख रही टीम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य अश्विनी त्यागी और अरुण पाठक, गुजरात के पूर्व विधायक जगदीश पटेल, उत्तर प्रदेश के इटवा के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी, उत्तर प्रदेश के रोहनिया के पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह और वाराणसी के भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा शामिल हैं।

हम आपको याद दिला दें कि 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 4.79 लाख वोटों से हराया था। देखा जाये तो यह अंतर बहुत बड़ा था लेकिन फिर भी यह जीत देश भर में दस सबसे बड़ी जीतों में दर्ज नहीं हो सकी थी इसलिए भाजपा की टीम इस बार जीत का ऐसा रिकॉर्ड कायम करने के लिए मेहनत कर रही है जिसको तोड़ना दूसरों के लिए कठिन चुनौती साबित हो। इसीलिए प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को वोटों में तब्दील करने और ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए यह टीम बेहद सक्रिय है। जहां तक प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में काम कर रही भाजपा की मुख्य टीम में शामिल सात सदस्यों की बात है तो आपको बता दें कि इसमें प्रमुख नाम सुनील बंसल का है। वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भरोसेमंद लोगों में से एक हैं। सुनील बंसल पिछले कुछ महीनों से लगभग सारा समय वाराणसी में दे रहे हैं। अश्विनी त्यागी की बात करें तो आपको बता दें कि वह वाराणसी में पार्टी की समन्वय गतिविधियों के प्रभारी हैं। अश्विनी त्यागी भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के महासचिव हैं और पार्टी की पश्चिमी इकाई के क्षेत्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। अश्विनी त्यागी को आठ महीने पहले वाराणसी में काम संभालने के लिए लाया गया था। जहां तक जगदीश पटेल की बात है तो आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव प्रचार शुरू होने से दो महीने पहले गुजरात के पूर्व विधायक जगदीश पटेल को समन्वय और प्रबंधन से संबंधी कामकाज को देखने के लिए वाराणसी भेजा गया था। जगदीश पटेल 2019 में अमराईवाड़ी से उपचुनाव जीतकर विधायक बने थे। उन्होंने अहमदाबाद शहर अध्यक्ष के रूप में भी काम किया और मेहसाणा, भावनगर और पाटन जिलों के भाजपा प्रभारी के रूप में भी काम किया है। वह अमित शाह के भरोसेमंद व्यक्ति माने जाते हैं। वहीं सुरेंद्र नारायण सिंह की बात करें तो आपको बता दें कि वह वाराणसी जिले के रोहनिया से पूर्व विधायक हैं। इस क्षेत्र में कुर्मी और भूमिहार मतदाता बड़ी संख्या में रहते हैं। उल्लेखनीय है कि वाराणसी में कुर्मी जाति के 2 लाख मतदाता होने का अनुमान है। सुरेंद्र नारायण सिंह रैलियों और रोड शो से संबंधी कामकाज देखते हैं और चुनाव प्रचार संबंधी टीमों के साथ समन्वय करते हैं।वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली भाजपा सरकार में शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। वह वाराणसी में मतदाताओं तक पहुंच बनाने और हर जाति की छोटी-छोटी बैठकें आयोजित करने का काम देख रहे हैं। वह वाराणसी क्षेत्र के ऐसे मतदाताओं से भी संपर्क साध रहे हैं जोकि समाज में प्रभावशाली छवि वाले हैं। उनका प्रयास है कि ऐसे मतदाताओं के माध्यम से समाज में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए संदेश भेजा जाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूहों में जाकर मतदान करने का जो आह्वान किया है उसे सफल बनाने के लिए भी सतीश द्विवेदी दिन-रात काम कर रहे हैं।इसी प्रकार तीसरी बार कानपुर से एमएलसी बने अरुण पाठक को पिछले साल वाराणसी जिले और शहर का प्रभारी बनाया गया था और वर्तमान में वह बूथ प्रबंधन का काम देख रहे हैं। उनकी जिम्मेदारियों में लाभार्थी सम्मेलन आयोजित करना, बूथ को मजबूत करना, पन्ना प्रमुखों की सूची तैयार करना, बूथ समितियों का समन्वय और बूथ के काम का जायजा लेना शामिल है। हम आपको बता दें कि वाराणसी में 1,909 बूथ हैं और इनमें से 150 बूथ भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण माने जाते हैं क्योंकि यहां अल्पसंख्यक समुदाय का दबदबा है और यह वर्ग भाजपा को अधिकांशतः वोट नहीं देता है। अरुण पाठक की जिम्मेदारी है कि जिन बूथों पर भाजपा को ज्यादा वोट नहीं मिलते हैं वहां पार्टी को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने के लिए काम करना है।

वहीं हंसराज विश्वकर्मा की बात करें तो वह वाराणसी जिला भाजपा अध्यक्ष के रूप में 2017 और 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों और 2019 के लोकसभा चुनावों की देखरेख कर चुके हैं। भूपेंद्र चौधरी जब उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बने तो उन्होंने पिछले साल अपनी नई टीम की जो घोषणा की थी उसमें हंसराज विश्वकर्मा को उनके पद पर बनाये रखा था। इस प्रकार, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा 2016 से ही जिला भाजपा का अध्यक्ष पद संभाल रहे हैं जोकि बड़ी बात है। पिछड़े समुदायों पर अच्छी पकड़ रखने वाले हंसराज विश्वकर्मा के बारे में माना जाता है कि वह लगभग 3000 लोगों को तत्काल एकत्रित कर सकते हैं।

बहरहाल, अपनी स्थिति मजबूत होने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी अपने चुनाव में कोई चूक नहीं रहने देना चाहते इसलिए वह पार्टी कार्यकर्ताओं को बार-बार समझा रहे हैं कि जुलूस, नारे और रोड शो मतदान बूथों को प्रभावित नहीं करते हैं। अतः संकल्प हर मतदान केंद्र को जीतने का होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को लक्ष्य दिया है कि हर मतदान केंद्र पर भाजपा को पिछली बार से 370 वोट अतिरिक्त दिलवाने का प्रयास करना है। प्रधानमंत्री का यह लक्ष्य हासिल हो सके इसके लिए गृह मंत्री अमित शाह भी पूरे तौर पर सक्रिय हैं। उन्होंने अपने हालिया वाराणसी दौरे के दौरान पार्टी की एक बैठक में कहा था कि वह कार्यकर्ता जो अधिकतम मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर लाने में कामयाब होंगे, उन्हें चुनाव के बाद पुरस्कृत किया जायेगा। देखना होगा कि इस बार का परिणाम क्या रहता है।

**-नीरज कुमार दुबे-**

## असरदार कदम उठाए जाएं

लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए पारदर्शी कार्यपण्रालियों, निर्णय प्रक्रियाओं और शासन पद्धतियों के महत्त्व को निरंतर बढ़ती मान्यता मिल रही है।ग्रामीण विकास के विभिन्न आयामों के संदर्भ में पारदर्शिता अपनाने से योजनाओं व कार्यक्रमों में आम गांववासियों की भागेदारी बढ़ेगी और उपलब्ध बजट का लाभ उन लोगों तक पहुंचने की संभावना बढ़ेगी जो उसके वास्तविक हकदार हैं। इतना ही नहीं, पारदर्शिता अपनाने से गलतियों के बारे में आरंभिक स्थिति में ही पता चल जाएगा जिससे अधिक क्षति हुए बिना ही उन्हें सुधारा जा सकेगा।कल्पना कीजिए, किसी प्रखंड के आदिवासी परिवारों की जिन्हें सदा हाशिये पर ही रखा गया है, वे भीषण अभाव व गरीबी सहने को मजबूर हैं। इस स्थिति में सरकार उनके बहुपक्षीय लाभ की एक योजना बनाती है व इसके लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था की जाती है। पर यह योजना जब ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचती है तो पारदर्शिता के अभाव में इसकी कोई जानकारी आदिवासी परिवारों को नहीं मिलती है। जब उन्हें नई योजना की जानकारी ही नहीं है तो इसकेउ चित क्रियान्वन के लिए भला आवाज क्या उठाएंगे। यह स्थिति उन निहित स्वाथरे के लिए अनुकूल है जो पहले से कमजोर लोगों के हक हड़पते रहे हैं। वे इस नई योजना के बजट का उपयोग भी उस तरह करते हैं कि अधिक लाभ उन्हीं को मिले। आदिवासी परिवारों से उधार के कागजों पर हस्ताक्षर करवा कर उन्हें थोड़ा बहुत धन अहसान की तरह दे दिया जाता है पर योजना का वास्तविक लाभ तो निहित स्वार्थ ही उठाते हैं। दूसरी ओर पारदर्शिता पर आधारित व्यवस्था में किसी भी योजना या कार्यक्रम की उपलब्ध जानकारी लाभार्थियों व अन्य प्रभावित लोगों तक पहुंचाना अनिवार्य होता है। इस स्थिति में लाभार्थी आरंभिक दौर से ही सचेत हो जाते हैं कि उनके लिए जो बजट आया है, उसका पर्याप्त लाभ उन्हें मिलना चाहिए।ग्राम सभा को सशक्त करना बहुत जरूरी है। सबसे पहला कदम तो यह सुनिश्चित होना चाहिए कि ग्राम सभा व वार्ड सभा की नियमित बैठकें हों तथा आम लोगों के विचार इस मामले में खुलकर सामने आएं कि विकास की प्राथमिकताएं क्या हैं। इस विचार-विमर्श में कमजोर वर्ग के परिवारों और महिलाओं को अपनी बात कहने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। लोगों की इन प्राथमिकताओं के आधार पर ही गांव के विकास कायरे का नियोजन होना चाहिए। जो भी योजना, कार्यक्रम या विकास कार्य हो उसे सभी गांववासियों के सामने ग्राम सभा में रखना चाहिए। विकास कार्य हो या राहत कार्य, कार्य स्थल पर उसके बजट, खरीदे गए साज-सामान, मजदूरों की संख्या, मजदूरी आदि की जानकारी प्रदर्शित की जानी चाहिए। साथ ही, अन्य सूचना प्राप्त करने का अधिकार भी उपलब्ध होना चाहिए। संविधान के 73वें संशोधन के अनुसार देश भर में जिला, ब्लॉक, पंचायत एवं गांव स्तर पर पंचायती राज का गठन हुआ है, और इन विभिन्न स्तरों पर जनप्रतिनिधि निर्वाचित हो रहे हैं। ग्रामीण विकास के बजट का बढ़ता हिस्सा ग्राम पंचायतों के माध्यम से खर्च होने लगा है।पंचायतों के पास विकास कायरे का जो बजट पहुंच रहा है, उसमें कुछ न कुछ वृद्धि प्राय~ हो रही है। भविष्य में पंचायतों के माध्यम से खर्च होने वाले विकास के बजट के प्रतिशत को बढना चाहिए और उसके लिए कई प्रयास भी हो रहे हैं। पर इसके साथ इस विषय पर भी समुचित ध्यान देना अति आवश्यक है कि किसी भी पंचायत के लिए स्वीकृत बजट का उपयोग ठीक से हो,उसमें कोई घपलेबाजी न हो। यदि पंचायत स्तर पर भी भ्रष्टाचार छा गया तो सामान्य लोगों को इस पंचायती राज के पूरे प्रयोग से ही बहुत निराशा हो जाएगी और पंचायतों को विकास कायरे में जिस जन-भागीदारी की आवश्यकता है, वह उन्हें नहीं मिल सकेगी।अत~ जहां पंचायतों के अधिकार क्षेत्र व कार्यक्षेत्र को बढ़ाने का प्रयास अवश्य होना चाहिए, वहां यह भी उतना ही आवश्यक है कि पंचायतों को गांववासियों के प्रति इस बारे में जवाबदेह बनाया जाए कि गांव के विकास के लिए जो पैसा आया था वह ठीक से खर्च हुआ कि नहीं। इस तरह के कानून और नियम बनने चाहिए जिससे विकास का बजट ठीक से, ईमानदारी से खर्च होने की संभावना बढ़ जाए तथा जहां भ्रष्टाचार की नीयत है, वहां इस पर अंकुश लग जाए। जहां भ्रष्टाचार का जरा भी शक हो, वहां ऐसे नियमों व कानूनों का लाभ उठाकर गांववासी भ्रष्टाचार को पकडने व इस पर रोक लगाने के लिए सक्रिय हो सकें। एक बहुत मूल मुद्दा यह है कि ग्राम-सभा सशक्त हो और सभी गांववासी अपनी लोकतांत्रिक भूमिका निभाने में सक्षम हों।इसी तरह का एक कानून है सूचना के अधिकार या सूचना की स्वंतत्रता का कानून। पंचायतों के संदर्भ में इस कानून का व्यावहारिक अर्थ है कि किसी गांव में पंचायत जो भी विकास कार्य करेगी, उसके बारे में जानकारी प्राप्त करने का हक व उससे संबंधित विभिन्न कागजात को प्राप्त करने या उनकी जांच करने का हक गांववासियों को होगा। उदाहरण के लिए किसी गांव में यदि चेक डैम बनने का बजट स्वीकृत हुआ है तो गांववासियों को हक है कि इस चेकडैम का बजट एवं अन्य सब जानकारियों को प्राप्त करें। कहने का तात्पर्य यह है कि सूचना का अधिकार पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार पर नियंतप्रके लिए है। इस अधिकार का उपयोग कर ग्रामीण भ्रष्टाचार की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं।

**-भारत डोगरा-**

# खिलौनों को छोड़ फोन से दोस्ती



**निखिल रस्तोगी**
लखनऊ, उत्तरप्रदेश

बच्चों को खिलौनों से ज्यादा आजकल मोबाइल फोन जरुरी लगता है। एक समय था जब बच्चा रोते हुए खिलौनों की मांग करता था, लेकिन इस समय की विडंबना देखिए कि बच्चा खिलौनों के बजाए मोबाइल फोन खरीदने को कहता है। आज अभिभावकों के सामने यह बड़ी चिंता का विषय बन चुका है, जिसको गंभीरता से लेने कि जरूरत है। हर माता पिता अपनी संतान का भला चाहते है। वह जानतें हैं कि फोन बच्चों के शारिरिक और मानसिक विकास में अड़चन पैदा कर सकता है। लेकिन बच्चे इस बात से अंजान माता पिता की चिंता को न समझते हुए मोबाइल फोन का उपयोग करते रहते हैं। विज्ञान कि माने तो बच्चों के मस्तिष्क के ऊतक वयस्कों की तुलना में लगभग दो गुना अधिक मोबाइल फोन से निकलने वाली माइक्रोवेव विकिरण को अवशोषित करता हैं, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है।

आज अमूमन बच्चों के हाथ में मोबाइल फोन चुंबक के भांति चिपका रहता है जिसके परिणामस्वरूप या तो उनकी आंखें कमजोर हो जाती है या अनिद्रा जैसी परेशानी उत्पन्न होती है या, उनके संज्ञानात्मक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने कि संभावना बढ़ जाती है। हालांकि, इन सब परिस्थितियों के पीछे सिर्फ बच्चों को ही जिम्मेदार मानना भी ठीक नहीं होगा। वास्तविकता यह है कि इसका जिम्मेदार आज का युग भी है। दरअसल, बच्चों के इर्द गिर्द घूमती दुनिया आधुनिकीकरण कि दहलीज पर खड़ी है, जहां इसके आयाम बच्चों को प्रभावित कर रहे है।

कहते हैं कि बच्चे बड़ों को देख कर चीजें सीखते हैं। जब बड़े मोबाइल फोन और अभासी दुनिया के आदि हो चुके हैं तो बच्चे इससे अछूते कैसे रह सकते हैं। कुल मिलाकर यह कहना उचित होगा कि हमारी बनाई दुनिया से ही बच्चों के बीच मोबाइल फोन के प्रयोग को बढ़ावा मिल रहा है। इसके उपरांत आजकल कि शिक्षा इतनी जटिल और मुश्किल हो गई है कि खुद बच्चा नहीं बल्कि अध्यापक भी बच्चों से मोबाइल फोन का सहारा लेने को कहते है। टेनेसी विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार करीब 86 प्रतिशत शिक्षक कक्षा में मोबाइल फोन के उपयोग का समर्थन करते हैं। यहां चौंकाने वाली बात यह है कि ज्यादातर शिक्षकों ने मोबाइल फोन को कक्षा में उपयोगी बताया है और या तक कि मोबाइल फोन को बच्चों के विकास के लिए जरूरी भी बताया।

गौरतलब है कि आज शैक्षणिक संस्थानों में मोबाइल फोन के उपयोग पर कोई बंदिशें न होने के कारण यह विकर्षण, आक्रामक व्यवहार और अविश्वास जैसे तत्वों को जन्म देता है। आज यह कटु सत्य हैं कि चाहे भारत जैसा विकासशील देश हो या अमेरिका जैसा विकसित राष्ट्र, शैक्षणिक संस्थानों में मोबाइल फोन जैसे उपकरणों का उपयोग बिना रोक टोक किया जाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोबाइल फोन आज के समय की एक अहम आवश्यकता है, लेकिन एक समय सीमा और कुछ कड़े कानून शैक्षणिक संस्थानों द्वारा तय करना भी अत्यंत जरूरी है।



खैर, इस बीच कुछ ऐसी बातें भी हैं जोकि समाजिक तौर पर अच्छी है। दरअसल,जिस प्रकार से बच्चों के बीच आधुनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ता जा रहा है,इसके होने वाले दुष्परिणामों को समझते हुए अब उनके पाठ्यक्रमों में मिडिया लिटरेसी और मोबाइल लिटरेसी जैसे विषयों को शामिल किया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रस्तुत परिदृश्य में बच्चों को मोबाइल से दूर रखना बेहद मुश्किल है, लेकिन उन्हें इसके दुष्प्रभावों से बचाना सिर्फ उन्हें सही और संबंधित ज्ञान देने से संभव है। गौरतलब है कि मिडिया लिटरेसी और मोबाइल लिटरेसी जैसे विषय बच्चों को मोबाइल फोन के सही उपयोग का अनुसरण कराते है। यही वह संबंधित और सही ज्ञान है जिसकी चर्चा एजुकेशन एक्सपर्ट भी करते है।

इसके अलावा, नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भी पाठ्यक्रमों में कुछ विषय मिडिया लिटरेसी पर आधारित है। कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं में तो जनसंचार माध्यम के नाम से विषय विधार्थियों को पढ़ाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थानों में आज मिडिया कर्मियो और मीडिया शिक्षकों को अतिथि व्याख्याता के रूप में छात्रों को मीडिया और उससे जुड़े घटकों के बारे में बताने तथा सिखाने के लिए भी आमंत्रित किया जाता है।

अब जिस तरह से हमारा समाज जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, बच्चे मोबाइल फोन जैसे तकनीकी उपकरणों के आदि हो रहे हैं। हालांकि, आज शैक्षणिक संस्थानों में मीडिया साक्षरता जैसे विषयों को शामिल करना हमे उम्मीद देता है जोकि न सिर्फ उनको एक जिम्मेदार उपयोगकर्ता बनाता है बल्कि क्या सही है क्या ग़लत यह समझ भी उनके अंदर विकसित करता है।

बहरहाल, बच्चों के बीच मोबाइल फोन कि बढ़ती मांग और उपयोग एक गंभीर विषय है जिस पर उचित कदम उठाने कि जरूरत है और इसकी शुरुआत सबसे पहले घर से कि जानी चाहिए। माता पिता को यह बात समझने कि आवश्यकता है कि वह बच्चों के सामने आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल ज्यादा न करें और बच्चों को इसके नफा नुकसान से अवगत करवाएं। घर हमारा पहला शैक्षणिक स्थान होता है, इस समस्या के समाधान कि शुरुआत घर से कि जानी चाहिए। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों को भी जरूरत है कि वह अपने प्रांगण में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दे तथा शिक्षकों को उचित दिशानिर्देश देकर यह बात सुनिश्चित करें। सरकार को भी जरूरत है कि वह शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा मिडिया तथा मोबाइल साक्षरता जैसे विषयों को जोड़े और समय समय पर बच्चों के बीच मिडिया से जुड़े आयामों के बारे में अवगत कराएं। कुलमिलाकर, हमारे संयुक्त प्रयासों से ही बच्चों के बीच बढ़ते मोबाइल फोन के इस्तेमाल को काबू किया जा सकता है और उन्हें कई परेशानियों से बचाया जा सकता है। यह बात समझने कि आज जरूरत है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



### कैसे कहूं कि कितना मुहब्बत है तुझसे



**कृष्णा चौहान**
अमेरी,तह.-बरमकेला
सारंगढ़-बिलाईगढ़( छ.ग. )

कैसे कहूं कि कितना ,
मुहब्बत हैं तुझसे!
आ बैठ मेरे पास,
तुझे हर पल देखता रहूं!
तेरे बिना हर लम्हा,
अधूरा सा लगता हैं!
तू ही मेरी जिंदगी हैं,
तुझे हर पल लिखता रहूं!
इस दिल को पहली बार,
मुहब्बत हुआ हैं!
जब से तुझे देखा हैं,
दिल में बसाया हू!
मुझे तुझसे दूर नहीं जाना हैं,
तेरे संग जीवन बिताना हैं!
जब भी तेरा याद आता हैं,
तस्वीर देख लेता हू!
तुमसे बाते करना,
बहुत अच्छा लगता हैं!
तु मेरी संज्ञा हैं,
मैं तेरा सर्वनाम हू!

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

### अजी! उम्र पर न जाइए !



**मोनिका डागा आनंद ,**
चेन्नई,
तमिलनाडु

दिल है हमारा जवां व स्वस्थ,
सुनिये तो मेहरबां,
रंग रूप पर न जाइए,
न कीजिए ये टिप्पणियां,
हम तो हैं आनंद की,
तड़कती भडकती चिंगारियां,
थोड़ा सोचिए विचारिए,
यहां न करें ये गलतियां ।
हममें चुस्ती -फुर्ती,
किसी नौजवान से भी ज्यादा है,
कई कलाओं में पारंगत हम,
वजन आप से आधा है,
सात्विक विचार रखते,
जीवन में न कोई बाधा है,
हमारे जीवन प्रेम की, यही मधुर
सुरीली परिभाषा है ।
उम्र हो हमारी जो भी,
आपको क्या लेना-देना,
योग- प्राणायाम,
सैर सपाटा करते नित अंगना,
अभी ना हुए, हम अंकल
आंटी मानो मेरा कहना,
हो गए 50 वर्ष वैवाहिक
वर्षगांठ के, सुन ले बहना ।
शायद आश्चर्यचकित होंगी,
आप यह बात जानकर,
नाम सभी का गिनाएं तो,
आपको आ जाएगा चक्कर,
उलझे ना हमसे,ना ले कोई ऐसी
वैसी मोहतरमा टक्कर,
अंकल आंटी कहने वाली हो
जाइए यहां से रफूचक्कर ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

### धरती जल रही आग सी.



**व्यग्र पाण्डे,गंगापुर सिटी**
राजस्थान

रोद्र रूप जैसे रख लिया,
अब गर्मी ने देख
सैंतालीस अड़तालीस कहीं छुई
पचास की रेख
धरती जल रही आग सी,
हवा चले बिन चैन
तड़प रहे प्राणी सभी,
व्याकुल हैं दिन-रैन
घर में रहो सुरक्षित अपने,
बाहर जाना ना
सूरज दादा कुपित आजकल,
शक्ल दिखाना ना
भा गये गर तुम गर्मी को,
फिर मत कहना जी
कह रही है कलम व्यग्र की,
घर पर रहना जी
पशु-पक्षी निरीह प्राणी,
कैसे झेले आग
चारा पानी की होय व्यवस्था ये
समय की मांग
हे श्याम प्रभु अब तो,
कुछ राहत बरसाओ जी
बरसाओ पानी की बूंदें,
स्वामी तरस खाओ जी

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# भूमि घोटाला के मामले में सरगुजा के पूर्व कलेक्टर संजीव झा के विरुद्ध जांच का दिया आदेश

## भारत सरकार के कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के अवर सचिव रुपेश कुमार के द्वारा मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को जांच के लिए भेजा पत्र

### राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर में भी हुई है शिकायत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 23 मई 2024
(घटती-घटना)।

अम्बिकापुर के आरटीआई कार्यकर्ता के द्वारा सरगुजा के तत्कालीन कलेक्टर संजीव झा के विरुद्ध दिनांक 20.3.2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष दस्तावेजों सहित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि राजस्व प्रकरण क्रमांक 93/अ-21/21-22 पक्षकार कदम मंडल व अन्य प्रति राहुल गर्ग व अन्य के पुनर्वास भूमि को भू माफियाओं द्वारा तत्कालीन कलेक्टर अंबिकापुर को मोटी रकम खिलाकर एवं कदम मंडल जो कि दिल्ली में निवासरत है के नाम से फर्जी अधिकार पत्र बनाकर उसकी फर्जी हस्ताक्षर करके बिक्री कर दिया गया है। उपरोक्त प्रकरण 1/4/2022 को आवेदक कदम मंडल पत्नी स्व. अमूल्य मंडल निवासी सुभाषनगर स्थित पुनर्वास पट्टे की भूमि खसरा नंबर 223/12 तक पर 0.400 हेक्टेयर भूमि को अनावेदक राहुल गर्ग व अन्य के पास अंकल राशि रुपए 21 लाख में बिक्री करने का सौदा तय कर अनुमति हेतु आवेदन माननीय कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है तथा आवेदन प्रस्तुत दिनांक से महज एक महीना 15 दिन के भीतर ही तत्कालीन कलेक्टर संजीव झा द्वारा भू माफियो से लाखों रुपए प्रति डिसमिल के हिसाब के दर से अवैध तरीके से राशि ली गई और पुनर्वास भूमि बिक्री हेतु आदेश पारित कर दिया गया है।



राजस्व प्रकरण क्रमांक 196/अ-21/2017-18 पक्षकार गौरंग मंडल प्रति संदीप घोष आदेश दिनांक 26/5/2022 टोटल रकबा 29 डिसमिल, राजस्व प्रकरण क्रमांक 26/अ-21/19-20 पक्षकार कृष्णा मंडल प्रति मनोज गुप्ता आदेश दिनांक 19/5/2022 टोटल रकबा 5.50 डिसमिल, राजस्व प्रकरण क्रमांक 41/अ- 21/19-20 पक्षकार विचित्र मलिक प्रति हिमांशु शर्मा आदेश दिनांक 27/6/2022 टोटल रकबा 52 डिसमिल, राजस्व प्रकरण क्रमांक 196/अ-21/16-17 पक्षकार प्रफुल्ल प्रति शिवलाल जायसवाल आदेश दिनांक 19/5/2022 टोटल रकबा 0.280 हेक्टर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 231/अ-21/17-18 पक्षकार अनंत पाल व अन्य प्रति अजय अग्रवाल आदेश दिनांक 29/12/2021 टोटल रकबा 0.40 हेक्टर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 18/अ-21/18-19 पक्षकार जादू नाथ प्रति अजय अग्रवाल आदेश दिनांक 29/12/2021 टोटल रकबा 0.40 हेक्टर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 60/अ-21/19-20 पक्षकार विजय बैरागी प्रति अमित अग्रवाल आदेश दिनांक 21/7/2020 टोटल रकबा 0.640 हेक्टर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 91/अ-21/21-22 पक्षकार निर्मल हजारी प्रति प्रति श्यामल कुमार सिकदर व अन्य आदेश दिनांक 26/5/2022 टोटल रकबा 0.200, 0.120, 0.210, 0.078 हेक्टर,राजस्व प्रकरण क्रमांक 86/अ-21/21-22 पक्षकार सुशांत वैध प्रति दिलीपधर दिनांक 26/5/2022 टोटल रकबा एक एकड़, राजस्व प्रकरण क्रमांक 87/अ-21/21-22 पक्षकार गौरांग मंडल प्रति सुभाष राय आदेश दिनांक 26/5/2022 टोटल रकबा 0.554 हेक्टर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 88/अ-21/21-22 पक्षकार श्याम पाल प्रति अशोक कुमार आदेश दिनांक 26/5/2022 टोटल रकबा 0.405 हेक्टर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 89/अ-21/21-22 पक्ष का सूजी नंदी प्रति राम अवतार अग्रवाल आदेश दिनांक 26/5/2022 टोटल रकबा 18 डिसमिल,राजस्व प्रकरण क्रमांक 90/अ-21/21-22 मैं दिनांक 26/5/2022 टोटल रकबा 0.060 हेक्टर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 92/अ-21/21-22 पक्षकार कमल राय प्रति राकेश रंजन चतुर्वेदी व अन्य आदेश दिनांक 26/5/2022 टोटल रकबा एक एकड़, राजस्व प्रकरण क्रमांक 49/अ-21/19-20 पक्षकार गीता व अन्य प्रति राधेकृष्ण गोयल आदेश दिनांक 26/5/2022 टोटल रकबा 1.250 हेक्टर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 85/अ-21/21-22 पक्षकार श्रीमती जोशना राय प्रति सीताराम अग्रवाल दिनांक 26/5/2022 टोटल



रकबा 0.400 हेक्टर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 28/अ-21/21-22 पक्षकार मनीराम वह अन्य प्रति अमन गोयल आदेश दिनांक 29/12/2021 टोटल रकबा 0.034 हेक्टर, 41 डिसमिल, 034 हैक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 98/ब-21/21-22 पक्ष का कृष्णा हलदार व अन्य प्रति इंद्रजीत मंडल व अन्य आदेश दिनांक 27/6/2022 टोटल रकबा 0.416 हेक्टर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 71/अ-21/17-18 पक्षकार दिलीप व अन्य प्रति तापस दास आदेश दिनांक 29/12/2021 टोटल रकबा 0.292 हेक्टर, 55 डिसमिल, राजस्व प्रकरण क्रमांक 29/अ-21/20-21 पक्षकार रूमा राय उर्फ रोमा सिंह प्रति अनिल कुमार ताम्रकार आदेश दिनांक 6/1/2021 टोटल रकबा 1.30 एकड़ तत्कालीन कलेक्टर संजीव कुमार झा का स्थानांतरण कोरबा होने के बाद उपरोक्त सभी प्रकरणों में भू माफियाओं से मिली भगत कर करोड़ों रुपए की वसूली की गई और पुनर्वास की भूमि बिक्री की अनुमति प्रदान की गई है उसमें से आधे से अधिक की अनुमति एक ही दिनांक 26/5/2022 को प्रदान की गई है क्योंकि वह भू माफियाओं से मोटी रकम लेकर सभी प्रकरणों में एक ही दिन आदेश पारित किया गया है जो की साफ तरीके से भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है।

सरगुजा के पूर्व कलेक्टर संजीव झा के विरुद्ध प्रधानमंत्री कार्यालय को संपूर्ण दस्तावेजों के साथ शिकायत की गई थी जिस पर दिनांक 1/5/2024 को भारत सरकार के कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय की अवर सचिव रुपेश कुमार के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य सचिव को पत्र भेजते हुए जांच करने हेतु लिखा गया उक्त पत्र की प्रतिलिपि शिकायतकर्ता को भी भेजी गई अब देखना यह है कि सरगुजा के तत्कालीन कलेक्टर संजीव झा के विरुद्ध जांच की जा रही है कि नहीं इसके अलावा शिकायतकर्ता के द्वारा दिनांक 21/3/2024 को उपरोक्त मामले की शिकायत पुलिस महानिदेशक राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जिसकी भी जांच लंबित है।

## अमितोज सिंह टुटेजा बने पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 23 मई 2024
(घटती-घटना)।

21 मई को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा अंबिकापुर में आयोजित मीटिंग में अमितोज सिंह टुटेजा शैवी को आगामी एक वर्ष के लिए सर्वसम्मति से पंजाबी युवा समिति का अध्यक्ष चुना गया।इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा सचिव सरदार नरेंद्र सिंह भामरा और उपस्थित लोगों ने अमितोज सिंह टुटेजा को बधाइयां दी। अमितोज सिंह टुटेजा ने भी कहा कि वे समाज और अन्य वर्गों के साथ मिल कर अपने कार्यकाल को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे।



## पार्टी करने के लिए रुपए नहीं दिया तो कार सवार युवक से मारपीट,दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मई 2024
(घटती-घटना)।

पार्टी करने के लिए रुपए मांगने नहीं देने पर कार सवार युवक के साथ मारपीट करने के मामले में गांधीनगर पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार आशीष शर्मा शहर के नमनाकला का रहने वाला है। वह 21 मई की शाम को दोस्त के साथ कार से भगवानपुर रोड से एमजी रोड की ओर जा रहा था। भगवानपुर शराब भट्ठी रोड के पास अभिषेक सिंह कलचुरी उर्फ बैटुल एवं मो. जावेद सिद्दीकी उर्फ गोरा खान द्वारा आशीष शर्मा को कार से बाहर निकलने के लिए बोला। आशीष कार से बाहर निकला तो दोनों आरोपियों ने कहा कि पैसा बहुत कमा रहे हो पार्टी करने के लिए 5-10 हजार रुपए दो। रुपए देने से मना किए जाने से नाराज दोनों आरोपियों ने आशीष के साथ मारपीट किया था। आस पास के लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद कुछ दूर जाने के बाद आशीष ने देखा की उसके गले से सोने का चेन नहीं था। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 327 व 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी अभिषेक सिंह कलचुरी उर्फ़ बैटुल उम्र 38 वर्ष निवासी तिवारी बिल्डिंग के पास केदारपुर व मो. जावेद सिद्दीकी उर्फ़ गोरा खान उम्र 43 वर्ष निवासी मोमिनपुरा पर्राडांड को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

## 69 मालवाहक वाहनों के चालक से वसूले गए 82 हजार 500 रुपए समन शुल्क

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मई 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस अभियान चलाकर मालवाहक वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अभियान के तहत कुल 69 वाहन चालकों से कुल 82 हजार 500 रुपए समन शुल्क की वसूली की है।

कार्रवाई के दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा मालवाहक वाहन की बॉडी से बाहर तक सामान लोडकर परिवहन कर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई कर 20 हजार, थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा 16 वाहन चालकों से 6 हजार 900 रुपये, थाना मणीपुर पुलिस टीम द्वारा 8 वाहन चालकों से 14 हजार रुपये,थाना लखनपुर पुलिस द्वारा 3 वाहन चालकों से 45 सौ रुपए, थाना दरिमा पुलिस द्वारा 10 वाहन चालकों से 3 हजार रुपये, थाना सीतापुर पुलिस टीम द्वारा 6 वाहन चालकों से 18 सौ रुपये, थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा 5 वाहन चालकों से 15 सौ रुपये, थाना उदयपुर पुलिस टीम द्वारा 1 वाहन चालकों से 1000 रुपए तथा पुलिस चौकी रघुनाथपुर द्वारा 2 वाहन चालकों से 2 हजार रुपए समन शुल्क वसूले गए हैं। सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही जा रही हैं, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों से अपील करती हैं कि आमनागरिक यातायात के नियमो का पालन करें, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।



## जमीन विवाद पर डंडे से जानलेवा हमला,दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मई 2024 (घटती-घटना)।

उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ललाती में 17 अप्रैल की रात को जमीन विवाद को लेकर दो लोगों ने एक व्यक्ति को ठंडे से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार रामसाय ग्राम ललाती थाना उदयपुर का रहने वाला है। वह 17 अप्रैल की रात को घर में ही था। तभी गांव के सहस राम आया और रामसाय को गांव के ही एतवार साय के घर चलने के लिए बोला। पुरानी जमीन विवाद को लेकर सहस राम व एतवार साय ने मिलकर एतवार साय को डंडे से बेदम पिटाई कर दी। इससे वह मौके पर ही बोहोश हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराए थे। वहीं पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सहस राम उम्र 32 वर्ष व एतवार साय उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34, 307 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## उर्स देखने आए युवकों से पार्किंग स्थल पर हुई जमकर मारपीट,रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मई 2024
(घटती-घटना)।

शहर के तकिया मजार पर बुधवार की रात को कव्वाली का आयोजन किया गया था। कव्वाली सुनने आस-पास के क्षेत्र से काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। वहीं कुसमी से आए कुछ लोगों ने पार्किंग स्थल के युवकों पर मारपीट आ आरोप लगाया है। मारपीट में घायल युवकों की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धारा 294,506, 323,34 का अपराध दर्ज किया है।




जानकारी अनुसार मारपीट में घायल मो. अरशद पिता मो. अयनुल हक 21 वर्ष निवासी ग्राम करकली कुसमी बलरामपुर ने बताया कि वह पत्थलगांव में रहकर रजिस्ट्री आफिस में काम करता है। बुधवार को अपने साथी नीरज नायर के साथ तकिया उर्स अंबिकापुर में शामिल होने रात्रि करीब 10 बजे आया था। उर्स स्थल पर बने पार्किंग स्थल में मोटरसाइकिल खड़ी कर कव्वाली देखने चला गया। गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे वापस जाने के लिये पार्किंग स्थल पहुंचा व अपना मोटर सायकल को निकाल रहा था,तभी पार्किंग स्थल में लगे व्यक्तियों द्वारा वाहन निकालने से रोक दिया गया। साथ ही दबाव पूर्वक वाहन की पर्ची जांच करने की बात करते हुए गाड़ी की चाभी निकाल ली। चाभी निकालने से मना करने पर वहां उपस्थित सभी लोग गाली गलौज करने लगे। इसी बीच अरशद के साथ आये साथ मो. सकलेन बीच बचाव करने लगा तभी वहां उपस्थित सभी लोग मिलकर गाली गलौज कर हाथ, मुक्का, लात से मारपीट करने लगे। अरशद के अन्य साथियों के हस्तक्षेप से जाकर लड़ाई रुका। मारपीट में अरशद, सकलेन, अमेरूल को भी चोट लगा है।अरशद ने मारपीट करने वाले मो. एजाज, वाहिद, जुबेर तथा उसके अन्य साथियों पर अपराध दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सैकड़ो ईट भट्ठों में खपाया जा रहा चोरी का कोयला

- » क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही कोयला चोरी बाइको में किया जा रहा परिवहन
- » सरकारी भूमियों पर ईट भट्ठों का हो रहा संचालन
- » क्षेत्र में बड़ा वायु प्रदूषण

-मनोज कुमार-
लखनपुर,23 मई 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर ईट भट्ठे संचालित किया जा रहे और इन्हीं भट्ठों में चोरी का कोयला खपाया जा रहा है। इन ईटों को प्रधानमंत्री आवास सहित शासकीय निर्माण कार्यों में खपाने का कार्य भट्ठा संचालकों के द्वारा किया जा रहा। भट्ठा संचालक के द्वारा नदी किनारे और रहवासी क्षेत्र में बिना परमिशन अवैध रूप से मिट्टी का अवैध उत्खनन कर ईट बनाई जा रही है। जिस पर खनिज व प्रशासनिक अधिकारियों की नजर नहीं है। स्थिति तो यह है कि ईट भट्ठे के इस अवैध कारोबार में शासकीय भूमि से मिट्टी का अवैध उत्खनन हो रहा है। ईट भट्ठों से क्षेत्र में वायु प्रदूषण फैल रहा है। यही नहीं कोल माफियाओं के द्वारा क्षेत्र के भोले भाले ग्रामीणों को झांसे में लेकर अमेरा खदान के अगल-बगल ग्रामों में अवैध गड्ढे खोद कोयला निकालकर ईट भट्ठों में खपाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही इन ईटी भट्ठों संग्रहित कोयले से स्टीम कोयले को अलग कर ट्रक के माध्यम से दूसरे प्रांतों में तस्करी कर मोटी रकम कमाई की जा रही है। लखनपुर क्षेत्र में कोयला चोरी में बाइकर्स गैंग सक्रिय हैं। कोल माफिया बाइकर्स गैंग की मदद ले रहे और बड़े पैमाने पर कोयल की तस्करी की जा रही है। इन कोल माफियाओं के खिलाफ़ खनिज, राजस्व,प्रशासनिक अधिकारियो कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। अवैध ईट भट्ठों के कारण आसपास के रह वासियों का रहना दुभर हो गया है बल्कि उपजाऊ जमीन भी बंजर होती जा रही है। जिस पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया है। क्षेत्र में हो रहे कोयला चोरी और अवैध ईट भट्ठों के संचालक पर अंकुश लगाने प्रशासन के ओर से अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर दिया जाता है और कुछ छोटे ईट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।





### क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या मे अवैध ईट भट्ठे संचालित

लखनपुर क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या में अवैध कोयले से ईट भट्ठों का संचालन हो रहा है। अमेरा खदान क्षेत्र में चलने वाले अवैध कोयला खदानों को कई स्तर से संरक्षण मिलता है। बदले में उन्हें मोटा नजराना कोल माफियाओ और अवैध ईटा भट्ठा के संचालन करने वालों से मिलता है। क्षेत्र के अवैध भट्ठे से निकलने वाले जहरीले धुएं से पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। और क्षेत्र के लोग इस जहरीले धुंए की चपेट में आ रहे हैं।अवैध कोयला खनन को ईट भट्ठा संचालकों के द्वारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

# लंदन से सिंगापुर जा रही फ्लाइट में टर्बुलेंस आया..6000 फीट से नीचे आया विमान..50 से ज्यादा घायल,कई की हालत गंभीर



**लंदव, 23 मई 2024।** एयर टर्बुलेंस का शिकार हुई सिंगापुर एयरलाइंस में सवार लोग अभी तक भी पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाए हैं।. ताजा जानकारी के मुताबिक बैंकॉक में इमरजेंसी लैंडिंग के बाद अभी भी कुल 58 यात्री अस्पताल में भर्ती हैं. उनका बेंकॉक के समितिवेज् अस्पताल में इलाज चल रहा है.।

बताया गया कि इनमें से 20 यात्रियों का इलाज आईसीयू में जारी है. केवल 27 ऐसे लोग हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उन्हें बाद में छुट्टी दे दी गई। एयर टर्बुलेंस के दौरान एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई थी। सिंगापुर एयरलाइंस का बोइंग 777 विमान लंदन से 211 यात्रियों और 18 चालक दल को लेकर सिंगापुर के लिए निकला था.। करीब 10 घंटे की यात्रा के बाद जब यह विमान म्यांमार के इरावदी बेसिन के ऊपर था, तब अचानक वो एयर टर्बुलेंस का शिकार हो गया.। करीब 23 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा यह विमान महज 90 सेकंड के अंदर छह हजार फिट तक आ गया। जिसके बाद पायलट एक बार फिर से विमान पर कंट्रोल पाने में सफल हो सका। इमरजेंसी लैंडिंग के लिए इस विमान को बाद में बेंकॉक मोड़ दिया गया था।

# इमरान खान ने की अदालत की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग की मांग,जेल अधिकारियों के जरिए पेश किया आवेदन



**इस्लामाबाद,23 मई 2024।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी व्यक्तिगत मौजूदगी और सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग की मांग की है। मामला पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट सरकार की ओर से पेश किए गए राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश में संशोधन को रद्द करने की मांग वाली अपनी याचिका से जुड़ा हुआ है।

### जेल अधिकारियों के जरिए अदालत में पेश किया आवेदन

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने इस मामले में अदियाला जेल के अधिकारियों के जरिए शीर्ष अदालत के समक्ष एक आवेदन पेश किया। 71 वर्षीय इमरान खान इस मामले में याचिकाकर्ता के रूप में वीडियो लिंक के जरिए शीर्ष अदालत के समक्ष पेश हुए, लेकिन इस दौरान उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान ने भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 30 मई को सुप्रीम कोर्ट में मेरा मैच है।

बता दें कि इमरान खान फिलहाल रावलपिंडी के अदियाला जेल में बंद हैं। वह तोशाखाना मामले, गैर-इस्लामिक विवाह और साइफर मामले में आरोपी हैं। पीटीआई प्रमुख ने कहा कि आठ फरवरी के चुनाव से पहले उन्हें तीन बार दोषी ठहराया गया था, लेकिन लोगों ने तमाम नकारात्मक प्रचार के बावजूद उनकी पार्टी को वोट दिया।

पार्टी के सूचना सचिव पर हुए हमले के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन

इमरान खान ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने इस्लामाबाद में भारी अंतर से चुनाव जीता था। उन्होंने कहा, वे सोच रहे थे कि पीटीआई इस चुनाव को टाल देगी। पीटीआई प्रमुख ने आगे कहा कि उन्हें मालूम है कि पार्टी के सूचना सचिव रऊफ हसन पर हमला किसने किया। उन्होंने कहा कि यह घटना दर्शाता है कि देश में व्यवस्था को जोर जबरदस्ती से नियंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने इस हमले के जवाब में पार्टी को विरोध प्रदर्शन के लिए तैयार रहने की अपील की।

# ताशकंद में भारत-उज्बेकिस्तान के मुख्य न्यायाधीशों की बैठक,शीर्ष अदालतों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**ताशकंद, 23 मई 2024।** ताशकंद में कई देशों की शीर्ष अदालतों के मुख्य न्यायाधीश एकत्रित हुए। दरअसल यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के मुख्य न्यायाधीशों की बैठक का आयोजन किया गया है। इस बीच भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने ताशकंद में उज्बेकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश बख्तियार इस्लामोव के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

### भारत-उज्बेकिस्तान की शीर्ष अदालतों में आपसी सहयोग पर चर्चा

मुख्य न्यायाधीशों ने मुलाकात के दौरान भारत और उज्बेकिस्तान की शीर्ष अदालतों के बीच द्विपक्षीय सहयोग की संभावना पर बातचीत की। बता दें कि ताशकंद में एससीओ के सदस्य देशों के मुख्य न्यायाधीशों की बैठक आयोजित करवाई गई है। इस बैठक में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।




### क्या है शंघाई सहयोग संगठन?

शंघाई सहयोग संगठन एक अंतरसरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 2001 के जून महीने में शंघाई में हुई थी। शंघाई सहयोग संगठन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों, क्षेत्रीय आतंकवाद, जातीय अलगाववाद और धार्मिक उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई पर ध्यान केंद्रित करना है। इस संगठन की प्राथमिकताओं में क्षेत्रीय विकास भी शामिल है।

इससे पहले 22 मई को भारत के मुख्य न्यायाधीश ने ताशकंद में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की थी।

# चुनाव प्रचार के दौरान तेज हवाओं से गिरा मंच,नौ की मौत,63 लोग हुए घायल




**मैक्सिको सिटी,23 मई 2024।** मेक्सिको में तेज हवाओं के चलते एक चुनावी मंच के गिरने से नौ लोगों की उसमें दबकर मौत हो गई। हादसे में 63 लोग घायल भी हुए हैं। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। घटना मेक्सिको के नुएवो लियोन राज्य की है,जहां चुनाव प्रचार अभियान के लिए मंच लगाया गया था। राष्ट्रपति पद के दावेदार जोर्गे अल्वारेज मेनेज इस मंच से लोगों को संबोधित करने वाले थे।


### घटना का वीडियो हो रहा वायरल

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में दिख रहा है मेनेज मंच पर पहुंचकर वहां मौजूद समर्थकों की तरफ हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। इस दौरान तेज हवाएं चल रहीं थी, जिसके चलते मंच पर लगी एक बड़ी स्क्रीन और एक ढांचा गिर गया। किसी तरह मेनेज ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद मंच का अन्य ढांचा भी गिर गया, जिसमें दबकर नौ लोगों की मौत हो गई और 63 लोग घायल हो गए। वायरल वीडियो में मंच गिरने के बाद लोग भागते और चीखते सुनवाई दे रहे हैं।

घटना पर जोर्गे अल्वारेज मेनेज ने दुख जताया और मृतकों के प्रति संवेदना जताते हुए अपना चुनाव अभियान रोक दिया है। मेक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेस लोपेज ओब्राडोर ने भी घटना पर दुख जताया और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौसम को देखते हुए सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे फिलहाल घरों के भीतर रहें और बाहर न निकलें। मैक्सिको में 2 जून को राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे।

# ब्रिटिश पीएम और विपक्षी लेबर पार्टी ने चुनाव प्रचार शुरू किया,सुनक बोले-प्रत्येक वोट के लिए लड़ेंगे

**लंदन, 23 मई 2024।** ब्रिटेन में आम चुनाव के एलान के बाद सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी और लेबर पार्टी ने अपने-अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ ही उनकी कैबिनेट के सदस्यों ने भी प्रचार शुरू कर दिया। विपक्षी लेबर पार्टी के नेता कीर स्टर्मर और उनकी छाया कैबिनेट ने भी लोगों को अपने पक्ष में करने की शुरुआत कर दी है। पीएम ऋषि सुनक ने बुधवार को सभी को चौंकाते हुए 4 जुलाई को आम चुनाव कराने का एलान किया।



### हर वोट के लिए लड़ेंगे

44 वर्षीय ऋषि सुनक ने बुधवार को पीएम आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों पर बारिश में भीगते हुए आम चुनाव की तारीख का एलान किया। सुनक ने गुरुवार को पूर्वी लंदन से अपने चुनाव अभियान की शुरुआत की। चुनाव अभियान के दौरान सुनक स्पष्ट योजना, निर्भीक कार्रवाई और सुरक्षित भविष्य का नारा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ हफ्तों तक वे हर वोट के लिए लड़ेंगे।

### सुनक के एलान ने चौंकाया

लेबर पार्टी के नेता कीर स्टर्मर ने परिवर्तन का नारा दिया है। स्टर्मर ने कहा कि 4 जुलाई को हमारे पास मौका है कि हम इस अराजकता को रोकें। हम पेज पलट सकते हैं और एक नई शुरुआत कर ब्रिटेन का पुनर्निर्माण कर सकते हैं और इस देश को बदल सकते हैं। ब्रिटेन में अगले साल जनवरी में चुनाव होने थे और उम्मीद की जा रही थी कि अक्तूबर से पहले सुनक चुनाव की तारीख का एलान नहीं करेंगे,लेकिन बुधवार को सुनक ने सभी को चौंकाते हुए आम चुनाव की तारीख का एलान कर दिया।

### अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर सुनक का फोकस

सभी चुनाव पूर्व सर्वे में विपक्षी लेबर पार्टी मजबूत स्थिति में है और लेबर पार्टी को कंजरवेटिव पार्टी पर अच्छी खासी बढ़त हासिल है। ऐसे में माना जा रहा था कि अगर सुनक अक्तूबर तक आम चुनाव के एलान को टालते तो भी उन्हें कुछ खास फायदा नहीं मिलने वाला था। फिलहाल ब्रिटेन में मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और 2.3 फीसदी की दर पर बीते तीन वर्षों में सबसे निचले स्तर पर है। ऐसे में सुनक ने इस मौके को भुनाते हुए आम चुनाव की तारीख का एलान कर दिया। सुनक का प्रचार अभियान भी अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर फोकस रहेगा, जबकि विपक्षी पार्टी के पास इस मामले में कोई खास योजना नहीं है।

## हेली ने कही ट्रंप को वोट देने की बात,उप राष्ट्रपति उम्मीदवार को लेकर चर्चा तेज

**वाशिंगटन,23 मई 2024।** व्हाइट हाउस के रिपब्लिकन उम्मीदवार की रेस की प्राइमरी में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सबसे बड़ी चुनौती देने वाली निक्की हेली ने कहा कि वह उनके लिए वोट करेंगी।

भारतीय मूल की पूर्व राजनयिक ने हडसन इंस्टीट्यूट में कहा, मैं ट्रंप के लिए वोट करूंगी।

उन्होंने इसके पीछे तर्क दिया, एक मतदाता के रूप में मेरी प्राथमिकता एक ऐसा राष्ट्रपति चुनने की होगी जो हमारे सहयोगियों की पीछे खड़ा हो और हमारे दुश्मनों की जिम्मेदारी तय करे। जो सीमा को सुरक्षित बनाए। एक राष्ट्रपति जो पूंजीवाद और स्वतंत्रता का समर्थन करे। एक राष्ट्रपति जो समझता हो कि हमें अपना कर्ज कम करना है।

उन्होंने कहा,मैंने पहले भी साफ कहा है कि ट्रंप इन नीतियों में खरे नहीं हैं। लेकिन बाइडेन तो पूरी तबाही हैं। हेली के इस बयान से उनके चुनाव में उप राष्ट्रपति उम्मीवार के तौर पर ट्रंप का साथी बनने की चर्चा तेज हो गई है।ट्रंप ने चुनाव में अपने साथी को लेकर कई लोगों के नाम लेकर विकल्प खुले रखे हैं, लेकिन हेली के नाम को सिरे से खारिज किया है। लेकिन जिस तरह हेली ने ट्रंप के बारे में अपने विचार बदले हैं, ट्रंप भी हेली के बारे में विचार कर सकते हैं। प्राइमरी के दौरान हेली ने उन्हें मानसिक रूप से दिवालिया तक कह दिया था।

# ताइवान में नई सरकार बनने से बौखलाया चीन,ताइपे में किया अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास



**बीजिंग,23 मई 2024।** ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के कुछ ही दिनों बाद चीन ने ताइवान के आसपास एक साल में अपना सबसे व्यापक सैन्य अभ्यास आयोजित किया। चीन ने गुरुवार सुबह 7:45 बजे (स्थानीय समय) से सैन्य अभ्यास की शुरुआत की। चीन के इस अभ्यास का मकसद आजाद ताइवान की मांग कर रहे अलगाववादी लोगों को सजा देना और बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप को चेतावनी देना है।

बाहरी ताकतों का मतलब अमेरिका से है। बता दें कि अमेरिका ताइवान का मुख्य सैन्य समर्थक है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन लगातार कह रहे हैं कि अगला हमला हुआ तो अमेरिका 23 मिलियन लोगों की रक्षा करेगा। वहीं चीन का मकसद ताइवान को अपने नियंत्रण में लेना है।

ताइवान में नई सरकार बनने पर बौखलाया चीन

लाई चिंग-ते ने सोमवार को ताइवान के नए राष्ट्रपति के तौर पर कार्यभार संभाला। अपने शपथ समारोह में उन्होंने कहा था कि चीन को युद्ध की धमकी छोड़ देनी चाहिए। लाई के कार्यभार संभालने पर चीन ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। लाई को बधाई देने के लिए चीन ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की निंदा की। चीन ने ताईपे का समर्थन करने वाले एक अमेरिकी कांग्रेसी और अमेरिका के रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंध भी लगाया।

### ताइवान सरकार की बढ़ी मुश्किलें

चीनी सैन्य अभ्यास के कारण हाल ही में ताइवान में बनी नई सरकार के लिए परेशानी और बढ़ गई है। विपक्षी सांसद कानून में बदलाव की मांग कर रहे हैं। इस बदलाव का उद्देश्य नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की शक्तियों पर लगाम लगाना है। कानून में बदलाव की मांग के बीच मंगलवार रात हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। शुक्रवार को कानून में बदलाव पर आगे की कार्यवाही हो सकती है, ऐसे में प्रदर्शन दोबारा शुरू होने की आशंका है।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक चीनी सेना ताइवान जलडमरूमध्य,ताइवान द्वीप के उत्तर, दक्षिण और पूर्व में और किनमेन,मात्सु,वुकिउ और डोंगयिन द्वीपों के आसपास के क्षेत्रों में अभ्यास कर रही है। ताइवान के रक्षा मंत्री ने कहा कि वह सैन्य अभ्यास पर नजर बनाए हुए हैं।

# मतगणना परिणाम की जानकारी मीडिया कक्ष को पहुंचाने हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,23 मई 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 04 जून को मतगणना स्थल अम्बिकापुर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना कार्य किया जाना है।जिस हेतु मतगणना परिणाम की जानकारी मीडिया प्रभारी, मीडिया कक्ष को पहुंचाने हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुंण्ड्रा हेतु तहसील कार्यालय अम्बिकापुर के पटवारी श्री अमितेश स्वर्णकार,विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु तहसील कार्यालय अम्बिकापुर के पटवारी पंकज जायसवाल,विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु तहसील कार्यालय अम्बिकापुर के पटवारी उत्तम गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है।

### मतगणना प्रेक्षक हेतु समस्त रिपोर्ट तैयार करने अधिकारियों-कर्मचारियों की भी लगी डयूटी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में जिला सरगुजा हेतु मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। 04 जून को मतगणना स्थल अम्बिकापुर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना कार्य किया जाना है। जिस हेतु मतगणना प्रेक्षक हेतु समस्त रिपोर्ट तैयार करने के प्रयोजन के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को नियुक्त किया गया।

शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय मणिपुर के प्राचार्य एल.पी. गुप्ता,प्रा.शा. कुल्हाड़ी के प्रधान पाठक कुमार नायर, कार्यालय जिला निर्वाचन में संलग्न सहायक ग्रेड-3 कृपा राय,कार्यालय जिला निर्वाचन में संलग्न डाटा एन्ट्री ऑपरेटर आशीष विश्वकर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

## कव्वाली देखने आए युवक की बाइक चोरी,जुर्म दर्ज

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,23 मई 2024 (घटती-घटना)।**

उर्स देखने आए युवक की बाइक अज्ञात चोर ने पार कर दी है। युवक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मो. खुस्तर रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम अक्षयपुर का रहने वाला है। वह बुधवार को अंबिकापुर तकिया मजार स्थित कव्वाली सुनने बाइक से आया था। वह बाइक क्रामंक सीजी 15 सीयू 4503 को पार्किंग में खड़ा किया था। गुरुवार की सुबह घर जाने निकाला तो उसकी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,23 मई 2024 (घटती-घटना)।**




बाइक की टक्कर से एक वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करीमन गोड़ उम्र 60 वर्ष ग्राम सुखरी थाना गांधीनगर का रहने वाला था। वह 15 मई की सुबह पैदल गांव में ही कहीं जा रहा था। तभी रास्ते में नन्दलाल गोड़ बाइक से उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## अलग-अलग मामले में कीटनाशक सेवन से युवक व महिला की मौत

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 23 मई 2024 (घटती-घटना)।** दो अलग-अलग मामले में युवक व एक महिला की मौत कीटनाशक सेवन से हो गई। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल व महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जानकारी के अनुसार संतोष पिता रामनाथ पहाड़ी कोरवा उम्र 25 वर्ष किरकिला थाना लुण्ड्रा का रहने वाला था। वह 4 मई को अज्ञात कारण से कीटनाशक का सेवन कर लिया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम बांसाझाल की है। मंगलपति पति गंगा प्रसाद उम्र 40 वर्ष 10 मई को अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर ली थी। उसे अंबिकापुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह मौत हो गई।

# कलेक्टर साहब.... आपके जिले में राजस्व अधिकारियों से परेशान हैं किसान, कुछ तो कीजिए



## राजस्व के अधिकारियों की चाल बिगड़ चुकी,कुछ समझना नही चाहते,बेपटरी हैं आखिर क्यों? कौन है इसका जिम्मेदार?

## राजस्व अधिकारी के मानसिक दर्द से लोग कराह रहे...कलेक्टर साहब एक खबर छपने पर पत्रकार की खोजबीन शुरू हो जाती है लोकतंत्र के चैथे स्तंभ को आप जकड़ना चाहते हैं पर सिस्टम को सुधारना क्यों नहीं चाहते?

-रवि सिंह-
कोरिया,23 मई 2024
(घटती-घटना)।

दो ब्लॉक के कोरिया जिले में राजस्व अधिकारियों के रवैये से किसान परेशान हैं,अपने छोटे-छोटे कार्यो के लिए किसान आए दिन राजस्व कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं,उनके चप्पल घिस गए हैं कलेक्टर साहब,कुछ तो कीजिए...कुछ ऐसा ही आलम इन दिनों कोरिया जिले में बना हुआ है, अन्नदाता किसान जो कि इस देश की रीढ की हड्डी कही जाती है,वे कोरिया के राजस्व कार्यालयों से लेकर राजस्व न्यायालयों में दर-दर भटकते हुए दिखलाई दे रहे है। राजस्व से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों को जनता की परेशानी से कोई लेना देना नही है। तारीख पर तारीख से जनता इस कदर परेशान है कि वह अब प्रदेश की नई सरकार से भी दुखी नजर आ रही है। आखिर कारण क्या है,यह तो कोरिया का प्रशासनिक अमला ही बतला सकता है लेकिन यह समझ से परे है कि आए दिन कलेक्टोरेट के वातानुकुलित सभाकक्ष में बैठकें आयोजित की जाती हैं,लंबी चौड़ी बाते कही जाती हैं,लेकिन ऐसी बैठकों का क्या औचित्य जब यहां का किसान ही परेशान है,आम जन परेशान है और वह राजस्व अधिकारियों के द्वारा दिये जा रहे मानसिक दर्द से बुरी तरह कराह रहा है। कलेक्टर साहब एक खबर छपने पर आप पत्रकार की खोजबीन शुरू करा देते हैं लोकतंत्र के चैथे स्तंभ को आप जकड़ना चाहते हैं ठीक है,आप जिले के प्रशासनिक प्रमुख हैं,आप अपनी शक्ति का भरपूर उपयोग कर सकते हैं,लेकिन संविधान ने चैथे स्तंभ को भी कुछ अधिकार दिए हैं इसे भी समझना चाहिए होगा। पत्रकार वही लिखता है जो दिखता है। बात जब जब आम जन की होगी पत्रकार आवाज उठाएगा ही क्योंकि वह कलम का सिपाही है कलम का विक्रेता नही। सच को सच और गलत को गलत लिखने वाला पत्रकार आज खोजने से नही मिलता साहब,पत्रकारिता के चुनौतीपूर्ण समय में आज आपके जिले में राजस्व अधिकारियों की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है, बिना सुविधा शुल्क के यदि कोई राजस्व का काम हो जाए जो संबंधित भू स्वामी खुद को बड़ा धन्य मानता है। राजस्व के अधिकारियों की चाल इतनी बिगड़ चुकी है कि वे किसी को कुछ समझना नही चाहते, बेपटरी हैं आखिर क्यों? कौन है इसका जिम्मेदार? तारीख पर तारीख आखिर क्यों? क्या आम आदमी का काम तभी होगा जब उसके लिए जनप्रतिनिधि बात करें। एक आम आदमी का राजस्व कार्यालयों से काम कराना कितना कठिन हो गया है यह आप शायद अंदाजा नही लगा पा रहे हैं साहब,क्योंकि आपको सिर्फ उतना ही बताया जाता है जितना आप जानना चाहते हैं। बाकि राजस्व अधिकारी तो सिर्फ वाहवाही के लिए परेशान हैं। जिला मुख्यालय में हाल और बेहाल है,मैडम हमेशा कलेक्टोरेट में ही मिलती हैं ऐसा बतलाया जाता है। साहब बुरा हाल है जिले का,कुछ तो कीजिए।

### साहब...राजस्व न्यायालयों में पेडेंसी पर एक नजर डालिए तो सही

आम जन,किसान का ज्यादातर काम राजस्व विभाग से ही पड़ता है और आप उसके मुखिया हैं, राजस्व न्यायालयों में पेडेंसी पर एक नजर डालिए तो सही। राजस्व कार्यालयों में बाहर धूप में ईधर उधर भटकते किसानों का दर्द एक बार तो महसूस कीजिए साहब, उनके करीब जाईये साहब,वह भी इंसान ही है। हां जब करीब जाइए तो इतना जरूर कीजिए कि आपके साथ वाहवाही लूटने वाले वे अधिकारी कदापि साथ ना हो जिनसे आम जन परेशान है। क्योंकि अधिकारियों के सामने ही उनकी बुराई कौन करेगा साहब यह तो आप अच्छे से समझते ही हैं बाद में काम तो फिर उन्ही से पड़ना ही है इसलिए कोई भी उनके सामने कुछ नही बोलेगा साहब। वैसे तो बीते अक्टूबर माह से पहले विधानसभा चुनाव और फिर लोकसभा का चुनाव था साहब,लेकिन उसके बाद भी राजस्व अधिकारियों ने अचार संहिता का बहाना बना लिया है। साहब हर जायज काम के लिए अचार संहिता और नजायज काम के लिए कोई संहिता नही यह जिले का आलम है। आप राजस्व विभाग के मुखिया भी हैं साहब इसलिए आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप जिले में व्याप्त इस समस्या को अंतर्मन से संज्ञान लेकर सुधारने की कोशिश करेंगे।

### दुखी उक्त किसान पर जब पत्रकार की नजर पड़ी तो उसका दर्द सुनकर ऐसा लगा जैसे आपके जिले में शासन व्यवस्था बेपटरी हो गई

साहब आप उस किसान का दर्द समझिए साहब जो कि हकीकत है,एक किसान जो कि दूध का व्यापार भी करता है, रोज सुबह अपने घर मे गौशाला एवं अन्य घरेलू काम करके जब आपके राजस्व अधिकारी वातानुकुलित कमरों से निकलना नही चाह रहे हैं तब वह 30 से 40 किमी दूरी तय करके दूध बांटने निकलता है इस चाहत से कि आज राजस्व कार्यालय जाकर अपना काम निपटाउंगा। भरी दूपहरी में 43 डिग्री तापमान पर सर में कपड़ा ढंककर थका हारा किसान जब राजस्व कार्यालय पहुंचता है तो उसे एक लाईन में जवाब दे दिया जाता है कि साहब तो नही बैठे हैं अचार संहिता के बाद काम होगा। यह बहुत दुखदायी स्थिति है साहब। राजस्व कार्यालय की दुर्दशा से त्रस्त और दुखी उक्त किसान पर जब पत्रकार की नजर पड़ी तो उसका दर्द सुनकर ऐसा लगा जैसे आपके जिले में शासन व्यवस्था बेपटरी हो गई है। अधिकारी कुछ करना ही नही चाहते वे सिर्फ कागजी खानापूर्ति में ही व्यस्त हैं। साहब कुछ तो कीजिए,हाल बेहाल है साहब। पिछली सरकार में भी जनता इसी प्रकार त्रस्त थी ,राजस्व कार्यालयों में काम के लिए बोली लगाई जाती थी। प्रदेश में सरकार बदल गई है साहब,जनता को सरकार से बहुत अपेच्छाएं है, बहुत उम्मीदे हैं। उनकी अपेच्छांए और उम्मीदें आपके अधिकारी तोड़ रहे हैं साहब,जनता के कार्यो का, परेशानियों को दूर करने का बीड़ा उठाईये साहब,आपके अधिकारियों का पहला कर्तव्य ईमानदारी से जनता का काम ही करना है साहब और उसी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है...साहब कुछ तो कीजिए।

# सब्जी बाड़ी में मिली युवक-युवती की संदिग्ध लाश

## प्रेम प्रसंग से जोड़ा जा रहा मामला,पुलिस कर रही मामले की जांच

-संवाददाता-
विश्रामपुर,23 मई 2024
(घटती-घटना)।



भटगाँव थाना इलाके के सकलपुर गांव स्थित एक ग्रामीण की सब्जी बाड़ी में सोमवार को आदिवासी युवक युवती का शव संदिग्ध अवस्था मे मिलने के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट नही मिलने की वजह से तीन दिन बाद भी मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नही हो सका है। युवक युवती के शव को लेकर अभी भी संशय की स्थिति बरकरार है। मौत को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

मामला भटगांव थाना इलाके के सकलपुर गांव का था। घटना बीते सोमवार की है। गांव के नन्दलाल सिंह गोंड़ की सब्जी बाड़ी में जमीन पर पड़ी मिली युवती के शव की पहचान गांव के सकरिया पारा निवासी रीता सिंह पुत्री हृदय सिंह गोंड़ 19 वर्ष के रूप में की गई थी। वही बाड़ी के मेढ़ स्थित आम पेड़ की डंगाल में फांसी लगे हालत में लटक रहे शव की पहचान रामानुजनगर इलाके के ग्राम कालीपुर निवासी बल्ले उर्फ बालेश्वर पिता दुर्गा सिंह गोंड़ 25 वर्ष के रूप में की गई थी।

सकलपुर सकरियापारा निवासी हृदय सिंह गोंड़ की 19 वर्षीय पुत्री बीते रविवार की रात को गांव में ही अपने चाचा बहादुर सिंह के घर सोई थी। सोमवार को हृदय की पत्नी कलावती अपनी पुत्री रीता सिंह को जगाकर घर में काम करने आने को कहकर अपने घर आ गई थी, किन्तु उसकी पुत्री रीता घर नही आई थी। उसके अचानक लापता हो जाने पर उसकी तलाश शुरू हुई, तब पता चला था कि नंदलाल की सब्जी बाड़ी के मेड़ में स्थित आम पेड़ के डगाल में किसी लड़के शव फॉसी पर लटका हुआ है और शव से कुछ दूरी पर एक लड़की का शव संदिग्ध अवस्था मे पड़ा हुआ है। स्वजनो के वहां पहुंचने पर पता चला कि फांसी में लटक रहा युवक का शव पड़ोस के बेला प्रसाद की बहन चद्रमनी के देवर बालेश्वर सिंह पिता दुर्गा सिंह गोंड़ का हैं तथा शव से पांच फीट की दूरी पर उत्तर दिशा में रीता सिह का शव जमीन पर पड़ा है। इस आशय की सूचना मृतका के पिता ने भटगाँव पुलिस को दी थी।

### मामला प्रेम प्रसंग का,मौत को लेकर संशय बरकरार

प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का होने की बात सामने आई थी। वही ऐसा प्रतीत हुआ था कि युवक ने युवती की गला दबाकर हत्या करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली होगी। इधर फांसी लगे हालत में लटक रहे युवक के पैर जमीन पर सटे होने को लेकर दोनो के हत्या की चर्चा भी गांव में हो रही है। इधर तीन दिन बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नही मिलने से मौत के कारणों को लेकर लोगो मे संशय बरकरार है। वही युवक युवती के मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही है।

# वृद्धा की ट्रेन के चपेट में आने से हुई मौत

-संवाददाता-
विश्रामपुर,23 मई 2024
(घटती-घटना)।

दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रही वृद्धा की मेमू ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कुम्दा बस्ती ढोड़कापारा निवासी 62 वर्षीय सोहागो बाई पति स्व. पन्ने लाल मंगलवार की शाम गांव में ही एक दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रही थी। तभी रेलवे पोल क्रमांक 1017/14 व 1017/15 के मध्य अंबिकापुर- शहडोल मेमू ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा, पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

# रामानुजनगर पुलिस की कार्यवाही...

## बेशकीमती लकड़ियों से भरी ट्रेक्टर जब्त

-संवाददाता-
सूरजपुर,23 मई 2024
(घटती-घटना)।



रामानुजनगर इलाके में इन दिनों कथित वन कर्मियों की साठगांठ से बेशकीमती लकडियो की तस्करी का कार्य धड़ल्ले से जारी है। बीते बुधवार की रात को लकड़ी तस्करी की सूचना पर रामानुजनगर पुलिस ने लकड़ी लोड एक ट्रैक्टर को पकड़कर वन विभाग को सुपुर्द कर दिया है।

बता दें कि रामानुजनगर इलाके में इन दिनों इमारती लकड़ियों की तस्करी धड़ल्ले से जारी है। जंगलों में हरे भरे पेड़ो की अवैध कटाई कर लकड़ी तस्करी का कार्य जारी होने की खबरे लगातार प्रकाश में आते रहती है। अवैध कटाई की सूचना के बावजूद वन महकमे की उदासीनता से वन महकमे पर लकड़ी माफियाओं से साठगांठ के आरोप लगना लाजिमी है।

बीते बुधवार की रात को भी वन अमले की उदासीन कार्यशैली के मद्देनजर रामानुजनगर पुलिस को सूचना दी गई क़ि एक ट्रैक्टर में अवैध लकड़ी जा रही है। सूचना पर रामानुजनगर पुलिस ने बुधवार की रात करीब 11 बजे केशवपुर मार्ग में घेराबंदी अवैध लकड़ी लोड बिना नँबर की ट्रेक्टर को पकड़कर वन अमले के सुपुर्द किया। ट्रेक्टर चालक कृष्णा राजवाडे रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। बताया गया कि ट्रेक्टर में खमार प्रजाति के 52 नग मोटे मोटे लठ्ठे लोड थे। जिसके वजन 3.615 घन मीटर है। जिसकी लागत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है।

बताया गया कि चालक कृष्णा राजवाडे निवासी बिशुनपुर द्वारा मकरबन्धा ग्राम स्थित राजस्व भूमि से पेड़ो की अवैध कटाई कर लकड़ी लोड कर कल्याणपुर सुरजपुर ले जाई जा रही थी। इस मामले में कल्याणपुर निवासी रामनारायण, कवलसाय मरकाम का नाम सामने आया है। जिसकी पुष्टि डिप्टी रेंजर कृष्णाराम टोप्पो ने करते हुए बताया कि अवैध लकड़ी लोड ट्रेक्टर बरामद कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# कुंए में गिरने से युवक की मौत

-संवाददाता-
सूरजपुर.23 मई 2024 (घटती-घटना)।

रामानुजनगर क्षेत्र के ग्राम तेलाईमुडा में कुंए में गिरने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार विनोद कुमार राजवाडे पिता राम प्रताप राजवाड़े तेलाईमुड़ा का दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह पागल जैसी हरकत करता था। इधर-उधर भागता था। जिसे मंगलवार को उपचार के लिए मदनेश्वरपुर ले गए थे। बुधवार की सुबह घर के पास कुआं में दातून करने गया था। उस समय घर वाले कुआं में गिरने की आवाज सुनाई पड़ी। वहां पर जाकर देखने के बाद विनोद कुमार कुआं के अंदर गिर गया था। जिसे निकालकर रामानुजनगर अस्पताल में लाया गया। जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# बिजली सब स्टेशन से चोरों का धावा, पांच कापर पाईप की हुई चोरी

-संवाददाता-
विश्रामपुर,23 मई 2024 (घटती-घटना)।



एसईसीएल ओसीएम में 33 केवी सब स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। दो दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने यहां पर लगाए गए बेशकीमती पांच कॉपर पाइप चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार एसईसीएल ओसीएम बिश्रामपुर में सब स्टेशन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसमें 33 केवी इंसुलेटर लगाया गया है। यहां पर सब स्टेशन के निर्माण कार्य पूर्ण न होने की वजह से इसको चार्ज नहीं किया गया है। इसी बीच अज्ञात चोरों द्वारा 19 मई की रात में यहां पर धावा बोलकर पांच नग कापर पाइप की चोरी कर लिया गया है। मामले की लिखित शिकायत बिश्रामपुर थाना में दे दी गई है। पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है।

# निःशुल्क आवासीय कोर्स के लिए प्रवेश प्रकिया जारी

## जिले की बालिकाओं के लिए सुनहरा मौका,लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर कोर्स संचालित

## सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग,ग्राफिक डिजाइन,फाइनेंस,बिजनेस मैनेजमेंट पाठ्यक्रम की हो रही पढ़ाई





-संवाददाता-
जशपुरनगर,23 मई 2024
(घटती-घटना)।

जिला प्रशासन जशपुर द्वारा जिला खनिज न्यास निधि मद से लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर में संचालित नवगुरुकुल में प्रवेश हेतु जिले की बालिकाओं के लिए सुनहरा मौका है। नवगुरुकुल में संचालित विभिन्न कोर्सो के लिए प्रवेश प्रकिया जारी है। साथ ही प्रवेश हेतु आयोजित लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष क्लासेस शुरू की गई है। इस विशेष रेमेडियल क्लासेस में अभी वर्तमान में 25 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। जिन्हें नवगुरुकुल द्वारा संचालित विभिन्न कोर्स में प्रवेश हेतु तैयारियां कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के युवतियों-महिलाओं को रोजगारोन्मुखी आवासीय प्रशिक्षण कोर्स के माध्यम से बेहतर करियर बनाने का अवसर प्रदान किया गया है। जिसके तहत लाइवलीहुड कॉलेज में जिला प्रशासन के सहयोग से नवगुरुकुल संस्था द्वारा कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग,मैनेजमेंट,एजुकेशन, अकाउंट एंड फाइनेंस के निशुल्क रोजगारोन्मुखी आवासीय प्रशिक्षण 18 महीने कोर्स संचालित किया जा रहा हैं। यहां विभिन्न कोर्स के चयनित छात्राओं को लैपटॉप दिया गया है। यहां कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग सहित अन्य कोर्स के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों को इंग्लिश कम्यूनिकेशन और लीडरशिप भी सिखाई जा रही हैं। चयनित अभ्यर्थी कोडिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग सहित अन्य कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिससे इन सभी क्षेत्रों में अपना कैरियर बना सकेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 20 हजार रुपये का वेतन की नौकरी मिल सकेगी। भविष्य में अमेजन, नेटवेस्ट, ऐप स्क्रिप, मैक्यूरी, एक्सेंचर जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों में कार्य करने का अवसर मिल सकेगा। इस कार्यक्रम के तहत न्यूनतम दसवीं कक्षा पास युवतियों-महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण के लिए ग्यारहवीं, बारहवीं की सभी विषयों या संकायों की छात्राएं भी आवेदन कर सकती है। बीए, बीएससी, बीटेक, बीसीए की छात्राएं भी इन सभी कोर्स में शामिल हो सकती है। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय हैं। वर्तमान में 80 से अधिक छात्राएं निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

# जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 24 मई से प्रारंभ

## खेलों को बढ़ावा देने जिले भर में लगेगा प्रशिक्षण शिविर

## 21 दिनों तक होगा आयोजन,तैयारियां पूरी

-संवाददाता-
जशपुरनगर,23 मई 2024 (घटती-घटना)।



खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कल 24 मई से 14 जून 2024 तक किया जायेगा। 21 दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में फुटबॉल,तैराकी,बैडमिंटन,ताईक्वांडो खेलों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में सब जूनियर,जूनियर बालक,बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। इस प्रशिक्षण शिविर प्रातः 06:30 से 08:30 बजे तक एवं सांयकाल 04:00 से 05:00 बजे तक प्रशिक्षण कराया जाएगा । जिसके लिए निर्धारित खेल मैदान इस प्रकार हैं- 01 फुटबॉल खेल-रणजीता स्टेडियम के मैदान में 02 तैराक खेल-तरण ताल में 03 बैडमिंटन खेल-बैमिंटन हॉल में 04 ताईक्वांडो खेल-इंडोर हॉल जशपुर मुख्यालय में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में सहायक जिला कीड़ा अधिकारी,कीड़ा अधिकारी,कोच-प्रशिक्षक,व्यायाम शिक्षक,अधीक्षक, पी.टी.आई., कर्मचारी,खेल प्रेमी प्रशिक्षणार्थियों को उपरोक्तानुसार 21 दिवस तक निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। खेल प्रशिक्षण के उपरांत समापन में सभी खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग जशपुर द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# कोल माफियाओं के हवाले तीन-तीन कोल माइंस

# अवैध कोयले से चल रहे ईट भट्टे




## ग्रामीण भी कर रहे कोयले की चोरी,कलेक्टर बोले ज्वाइंट टीम करेगी छापामार कार्यवाही







-संवाददाता-
सुरजपुर,23 मई 2024
(घटती-घटना)।
सुरजपुर जिले में एसईसीएल के अमगांव और गायत्री कोल माइंस में मफियाओ ने कब्जा कर लिया है, यहां माफिया सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों को कोयला चोरी के लिए भेज रहें हैं, और ग्रामीण खदानों में धावा बोलकर कोयला पार रहें हैं.। वहीं पुलिस और जिला प्रशासन के अफसरों से माफिया की गठजोड़ इतनी मजबूत है कि शिकायतों और सूचनाओं के बाद भी अफसर इस पर कार्यवाही करना तो दूर इस मामले में शिकायत सुनना भी पसंद नहीं कर रहें हैं,और इसके पीछे राजनैतिक संरक्षण होने की बात भी सामने आ रही है।

एसईसीएल द्वारा खदान से कोयला के साथ वहां लगे उपकरण की चोरी न हो इसके लिए जवान तैनात हैं,लेकिन जब ग्रामीण कोयला चोरी के लिए एक साथ धावा बोल रहें हैं,तो सुरक्षा में लगे जवान भी पीछे हट जा रहें हैं,और इसके बाद ग्रामीण कोयला को बोरा में भरकर बाइक में लोड करते हैं और सीधे भट्ठा में लेकर पहुंच रहें हैं, जहां माफिया उनसे कोयला लेते हैं,और ट्रक में लोडकर उसकी तस्करी करते हैं, वहीं जब ट्रक कोयला लोडकर मुख्य मार्ग में पहुँचता है तो ट्रक चालक को कोल डिपो का दस्तावेज दे दिया जाता है कि कोयला डिपो से खरीदकर ले जाया जा रहा है और इसके बाद कोयला वैध बन जाता है।

### माफियाओं के आगे पूरा सिस्टम फेल

अमगांव, गायत्री और महान टू कोल माइंस से हर रोज कोयला की चोरी हो रही है,और इसकी जानकारी सूरजपुर जिले के सूरजपुर और बिश्रामपुर पुलिस के जिम्मेदारो को है, लेकिन माफिया के आगे पूरा सिस्टम फेल हो गया है. बता दे कि हर साल कोयला चोरी की वजह से एसईसीएल को करोड़ो का नुकसान हो रहा है और माफिया करोड़पति बन रहें हैं लेकिन राजनैतिक संरक्षण के कारण बड़ी कार्यवाही नहीं हो रही है. जिम्मेदारों पर जब कार्यवाही का दबाव बनाया जाता है तो उनके द्वारा निरीक्षण के साथ भट्ठा में मालिकों को नोटिस जारी किया जाता है और इसके साथ मामले का रफा दफा कर दिया जाता है. पिछले सालो में इसी तरह जांच किया गया लेकिन एक भी माफिया को जेल नहीं भेजा गया.

### अमेरा कोल खदान से भी हो रही कोयले की चोरी

बिश्रामपुर एसईसीएल क्षेत्र में आने वाले अमेरा कोल खदान से भी बड़े पैमाने में कोयला चोरी की जा रही है. यहां माफिया का काम लखनपुर के बड़े नेता के रिश्तेदारों द्वारा किया जा रहा है। अमेरा खदान सरगुजा जिला में आता है और दो माह पहले कोयला तस्करी और माइंस में चोरी के खिलाफ कार्यवाही पर यहां के विधायक के भाई का लखनपुर थाना में पोस्टेड प्रशिक्षु डीएसपी से विवाद हो गया था इसके बाद डीएसपी को ही हटा दिया गया और तब से अमेरा माइंस और नदी किनारे से भी कोयला का अवैध खनन कर तस्करी की जा रही है, लेकिन सरगुजा पुलिस भी कोई कार्यवाही नहीं कर रही है. यहां से कोयला हर रोज ट्रकों में लोडकर तस्करी की जा रही है. सूरजपुर कलेक्टर रोहित व्यास ने विस्तार न्यूज़ से कहा है कि कोयला तस्करी में लिप्त मफियाओ के ईट भट्टों में जिला प्रशासन,खनिज और पुलिस की संयुक्त टीम बनाई जा रही है जो जल्दी ही छापा मार कार्यवाही करेंगी। कलेक्टर ने भरोसा दिलाया है कि बड़ी कार्यवाही होगी।

## सूदखोरी की शिकायत में पुलिस अधीक्षक ने लिया त्वरित संज्ञान,हुई कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा,23 मई 2024
(घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के समक्ष प्रार्थी कमलेश्वर राठिया ने शिकायत प्रस्तुत की कि कूसमुंडा थाना क्षेत्र में अवैध रुप से साहूकारी करने वालों एवं ऋणियों को आत्महत्या करने पर विवश करने वालों की घटना घटी है। जिसमें पुलिस अधीक्षक के द्वारा त्वरित संज्ञान में लेते हुए सुदखोर के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी कूसमुंडा को निर्देशित किया गया । थाना प्रभारी कुसमुण्डा के द्वारा प्रार्थी कमलेश्वर राठिया पिता ललित कुमार राठिया उम्र 33 वर्ष सा.मकान नंबर एम/202 विकासनगर कुसमुण्डा का अपने पत्नि के साथ थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन देने पर दिनांक 21.05.2024 को ही उक्त अपराध



धारा सदर के तहत अपराध पंजीबद्ध कराया जाकर आरोपियान 1. मोहम्मद इरफान कुरैशी उर्फ मोनू पिता खलील अहमद कुरैशी उम्र 40 वर्ष निवासी एसईसीएल अस्पताल के सामने मुड़ापार कोरबा 2. मोहम्मद ताजुद्दीन पिता नूर मोहम्मद उम्र 51 वर्ष निवासी एसईसीएल मकान नंबर एम/283 विकासनगर कुसमुण्डा की पतासाजी हेतु टीम गठित कर कुसमुण्डा कोरबा बिलासपुर रवाना किया गया जो मामले में विधिवत् अग्रिम विवेचना करते आरोपियान पतासाजी करते मुख्य आरोपी मोहम्मद इरफान कुरैशी उर्फ मोनू को उनके वर्तमान निवास वैशालीनगर थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर में पतासाजी कर मुताबिक मुखबीर सूचना के रेल्वे स्टेशन बिलासपुर के पास मिलने पर अभिरक्षा में लेकर एवं दूसरा आरोपी मोहम्मद ताजुद्दीन को उनके निवास विकासनगर कुसमुण्डा में पतासाजी कर मिलने पर अभिरक्षा में आरोपियानों से बारिकी से पूछताछ कर जांच पड़ताल किये गए। मामलें में उक्त आरोपियों के विरुद्ध आरोप सिद्ध पाये जाने पर अपराध क्र. 192/2024 धारा 384,34 भादवि ऋणियों का संरक्षण अधिनियम की धारा 04 के तहत की गई कार्यवाही । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक रुपक शर्मा, उ.नि. डी.आर. ठाकुर, प्र.आर. 144 रंजन देवांगन, आर. 486 धीरज पटेल, आरक्षक 852 लेखराम धीरहे की मुख्य भूमिका रही।

## पुलिस द्वारा मालवाहक गाड़ियों में सवारी बैठाने वाली गाड़ियों पर चलाया गया चेकिंग अभियान

-संवाददाता-
कोरबा,23 मई 2024
(घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग,चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सखत कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा मालवाहक गाड़ियों में व्यक्तियों को बैठाकर परिवहन करने वालों पर सख्त कार्यवाही किया गया है। कोरबा पुलिस के द्वारा कुल 12 मालवाहक गाड़ियों पर चलानी कार्यवाही करी और कुल 30300/- समन शुल्क जमा कराया गया। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं




कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों एवं बाजार में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे और मालवाहक वाहन में माल के अलावा किसी अन्य चीज का परिवहन ना करें। उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया।

## वरिष्ठ पत्रकार की पत्नी की घर पर मिली लाश,जांच में जुटी पुलिस



-संवाददाता-
कोरबा,23 मई 2024
(घटती-घटना)।
जिले में एक वरिष्ठ पत्रकार की पत्नी की संदिग्ध रूप से मौत हो गई। यह घटना सीएसईबी कॉलोनी में महिला के आवास पर हुई है। सिविल लाईन पुलिस मामले की जांच कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पत्रकार विश्वेश्वर शर्मा की पत्नी जानकी शर्मा सीएसईबी कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 569 में अकेली रहती थी। सुबह दरवाजा नहीं खोलने पर पड़ोसियों ने पुलिस में फोन कर सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी, तो जानकी शर्मा मृत हालात में मिली। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच सुरू कर दी है ।

## कोरबा पुलिस ने की अपील

## किराए पर बैंक खाता,एटीएम किसी भी भरोसे एवं अनजान को ना देने की...कि अपील

-संवाददाता-
कोरबा,23 मई 2024
(घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं कोरबा पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी सायबर सेल को आई.पी.एल. क्रिकेट मैच 2024 के सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने / खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर पुलिस के द्वारा सट्टा संचालन करने वाले एवं उसके साथियों को पकड़ा



गया है। पकड़ने के पश्चात पुलिस एवं साइबर सेल के द्वारा सटोरियों के बैंक खातों का विश्लेषण किया गया। विश्लेषण में यह पाया गया की सटोरियों के विभिन्न बैंक खातों को लोगों के द्वारा किराए पर उपलब्ध कराया जाता था जिस पर सटोरियों के द्वारा उसे बैंक खातों का गलत तरीके से पैसे का लेनदेन किया जा रहा था। उन सब 142 विभिन्न बैंक खातों को साइबर सेल एवं पुलिस के द्वारा उन सभी बैंक खातों की जानकारी बैंकों से प्राप्त कर उसमें विश्लेषण किया गया । उन सभी बैंक खातों में लगभग 140 करोड़ का ट्रांजैक्शन हुआ था एवं उन सभी बैंक खातों को फ्रिज कराया गया । सभी बैंक खातों में लगभग 40 लाख रुपए को पुलिस के द्वारा होल्ड कराया गया। टीम के द्वारा खातों का बारीकी से विश्लेषण अभी और किया जा रहा है।

कोरबा पुलिस आम नागरिकों से यह अपील करती है कि अपने किसी भरोसे के आदमी को अपने बैंक खातों को इस्तेमाल करने के लिए एटीएम पासबुक, चेक को किसी को ना दे और ना ही किसी को किराए एवं किसी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक खातों की जानकारी ना दें अगर उन खातों का किसी अपराध में उपयोग होता है तो पुलिस के द्वारा उन खाताधारकों के ऊपर कठोर कार्यवाही किया जाएगा।

## कार्यकारी निदेशक ने एनटीपीसी कोरबा में टाउनशिप एसटीपी का किया उद्घाटन



-संवाददाता-
कोरबा,23 मई 2024
(घटती-घटना)।
एनटीपीसी कोरबा ने 22 मई 2024 को श्री सी. शिवकुमार, कार्यकारी निदेशक (पश्चिम क्षेत्र - II, यूएसएससी और ऐश नई पहल) का स्वागत किया गया । श्री सी. शिवकुमार ने श्री सरित माहेश्वरी (परियोजना प्रमुख , कोरबा),श्री अर्नब मैत्रा (जीएम ओ एंड एम), श्री सोमनाथ बनर्जी (जीएम मेंटेनन्स ) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में टाउनशिप एसटीपी का उद्घाटन किया। यात्रा के दौरान, काफिले ने स्थल के चारों ओर चक्कर भी लगाया साथ श्री सी. शिवकुमार और श्री सरित माहेश्वरी ने उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण भी किया ।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अंबिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0......../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दिनेश कुमार पाण्डेय आ0 श्याम कार्तिक पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी नमनाकला तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वमित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम- नमनाकला तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा क्रमांक 575/33 रकबा 0.018 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र ले-आउट सेटलमेंन्ट की प्रति रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 07/06/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीखक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धरित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर सरगुजा

## संक्षिप्त खेल समाचार

### खेल मंत्रालय ने लक्ष्य और सिंधू की विदेश में ट्रेनिंग को स्वीकृति दी

**नई दिल्ली,23 मई 2024।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु ओलंपिक की तैयारियों के लिए क्रमशः फ्रांस और जर्मनी में ट्रेनिंग करेंगे। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने दोनों खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता देने को स्वीकृति दी। लक्ष्य ने फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय ट्रेनिंग सत्र के लिए वित्तीय सहायता मांगी थी।



पेरिस में पुरुष एकल स्पर्धा में भाग लेने वाले लक्ष्य ओलंपिक से पहले आठ से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में ट्रेनिंग लेंगे। सिंधू का प्रस्ताव जर्मनी के सारब्रुकेन में हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सशुल में ट्रेनिंग के लिए था। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ वहां एक महीने से अधिक समय तक अभ्यास करेंगी।

मंत्रालय ने विज्ञप्ति में कहा, ''मंत्रालय ने उनके हवाई किराए, रहने-खाने के खर्चे, स्थानीय परिवहन शुल्क, वीजा शुल्क, शटलकॉक के खर्चे को मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत स्वीकृति दी है।'' बैठक के दौरान एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला और तीरंदाज तिशा पुनिया के उपकरण खरीदने के प्रस्तावों और गोल्फर अदिति अशोक तथा तैराक आर्यन नेहरा के विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए सहायता के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी।

### कार्लसन से उनके देश में खेलना मेरे लिये चुनौती नहीं : प्रज्ञानानंदा

**नई दिल्ली,23 मई 2024।** कई बार मैग्नस कार्लसन को पराजित करने के बाद युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को लगता है कि जब वह 27 मई से यहां शुरू हो रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में कई दफा के विश्व चैम्पियन से उनके ही देश में भिड़ेंगे तो उन पर कोई दबाव नहीं होगा।प्रज्ञानानंदा ने अंतिम बार 33 साल के कार्लसन को इस महीने के शुरु में वारसॉ में ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मात दी थी। प्रज्ञानानंदा के साथ उनकी बहन आर वैशाली भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। वैशाली पहली बार नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलेंगी।



प्रज्ञानानंदा ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैग्नस से उनके देश में खेलना मेरे लिए कोई चुनौती है। वैसे यह देश में खेलने वाले खिलाड़ी के लिए मायने रखता है लेकिन मेरे लिए नहीं।''इस 11 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में घरेलू दावेदार कार्लसन के अलावा विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे।

# टी 20 में भारत की नजरें विश्व कप के खिताब पर

**नई दिल्ली,23 मई 2024।** टी20 क्रिकेट की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच भारत के पास दुनिया की सबसे लुभावनी और सबसे अधिक देखी जाने वाली लीग है। इसके बावजूद भारत की राष्ट्रीय टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह की सफलता हासिल नहीं कर पाई है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम जब आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और कैरेबिया जाएगी तो उसकी नजरें दूसरे खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करने पर टिकी होंगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि इंडियन प्रीमियर लीग में पैसे और प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेरों को आकर्षित करती है। भारत हालांकि आईपीएल की शुरुआत के बाद से टी 20 विश्व कप जीतने में नाकाम रहा है। वर्ष 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहले टी 20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भारत सिर्फ एक बार 2014 में फाइनल में पहुंच पाया और तब उसे श्रीलंका के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। खिताब का यह सूखा अन्य प्रारूपों में भी दिखा।

भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पिछला खिताब 2013 में इंग्लैंड में चैंपियन्स ट्रॉफी के रूप में जीता। इसके अलावा टीम ने 50 ओवर के विश्व कप में पिछला खिताब 2011 में जीता। पिछले साल भारत को इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा और इसके कुछ महीने बाद घरेलू सरजमीं पर 50 ओवर के विश्व कप के फाइनल में भी टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई। एक अरब 40 करोड़ की जनसंख्या वाले क्रिकेट के दीवाने देश के प्रशंसकों के लिए 50 ओवर में विश्व कप में हार को पचाना आसान नहीं था क्योंकि टीम अपने सभी 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी और जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। इसके सात महीने बाद रोहित और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली टी 20 विश्व कप में भारतीय अभियान की अगुआई करेंगे जो संभवतः इस प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के लिए उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।रोहित अब तक सभी टी20 विश्व



कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं जबकि 2012 में इस टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाले कोहली छठी बार इसमें शिरकत करेंगे। कोहली ने टूर्नामेंट में 27 मैच में 131.30 के स्ट्राइक रेट और 81.50 के औसत से 1141 रन बनाए हैं जबकि रोहित के नाम 39 मैच में 127.88 के स्ट्राइक रेट से 963 रन दर्ज हैं। रोहित और कोहली ने 2022 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद से भारत के लिए कोई टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है जिससे इस तरह की अटकलें थीं कि वे एक जून से शुरू होने वाले विश्व कप से बाहर रह सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने इन चिंताओं को दूर किया और अब नजरें इन दोनों बल्लेबाजों पर टिकी हैं। रोहित हालांकि 2024 आईपीएल में मुंबई इंडियन्स की ओर से प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और टीम के असफल अभियान के दौरान सिर्फ 417 रन बना पाए। कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से खेलते हुए 15 मैच में 61.75 के औसत से 741 रन बनाकर टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर हैं लेकिन सत्र की शुरुआत में कुछ टीवी कमेंटेटर ने उनके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाए थे। कोहली अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए पारी का आगाज करते हैं लेकिन भारत के लिए टी 20 प्रारूप में तीसरे नंबर पर खेलते हैं। कोहली अगर तीसरे नंबर पर खेलना जारी रखते हैं तो यशस्वी जायसवाल रोहित के साथ पारी का आगाज करेंगे। भारत ऐसी स्थिति में दुनिया के नंबर एक टी 20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव सहित चार विशेषज्ञ बल्लेबाजों के साथ उतरेगा। ऑल राउंडर हार्दिक पंड्या और पहली पसंद के विकेटकीपर ऋषभ पंत अगले दो स्थान पर होंगे जबकि इसके बाद गेंदबाजी ऑलराउंडरों को जगह मिलेगी। कोहली अगर रोहित के साथ पारी का आगाज करते हैं तो मध्य क्रम में एक अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाया जा सकता है। ऐसे में शिवम दुबे को जगह मिल सकती है जिन्होंने आईपीएल में 162.29 के स्ट्राइक रेट से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। दुबे मध्यम तेज गति की गेंदबाजी भी कर सकते हैं और हार्दिक के साथ गेंदबाजी के बोझ को बांट सकते हैं। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे जिसमें बाएं हाथ के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल सहित चार स्पिनरों को जगह मिली है।

कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल दो अन्य कलाई के स्पिनर हैं। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगा और नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। टीम 12 जून को अमेरिका जबकि 15 जून को कनाडा के खिलाफ खेलेगी।

## टी-20 विश्व कप के इतिहास में इन गेंदबाजों ने एक पारी में किए हैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली,23 मई 2024।** टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाला है। वेस्टइंडीज की पिचों पर बल्लेबाजी करना उतना आसान नहीं होगा।ऐसे में स्पिन हो या तेज गेंदबाज वह अपना प्रभाव हर हाल में छोड़ना चाहेंगे। पिछले कुछ सालों में कई गेंदबाजों ने इस टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ी है।ऐसे में आइए 1 पारी में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों पर एक नजर डाल लेते हैं। श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार स्पिनर अजंता मेंडिस के नाम टी-20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन का रिकॉर्ड दर्ज है।उन्होंने 2012 के विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 4 ओवर में 8 रन देते हुए 6 विकेट झटके थे। इस दौरान उन्होंने 2 मेडन ओवर भी डाल दिए थे।वह विश्व कप के किसी 1 मैच में 6 विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज भी हैं। उस मैच में जिम्बाब्वे को 82 रन से करारी हार मिली थी। दूसरे स्थान पर भी श्रीलंका के ही दिग्गज स्पिन गेंदबाज रहे रंगना हेराथ हैं।उन्होंने 2014 के ग्रुप-1 मुकाबले में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 3.3 ओवर में 3 रन देते हुए 5 विकेट अपने नाम किए थे।



चटगांव में खेले गए उस मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 119 रन का स्कोर बनाया था।जवाब में हेराथ की धमाकेदार गेंदबाजी के सामने कीवी टीम 15.3 ओवर में 60 रन पर ही सिमट गई थी।साल 2009 के टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज उमर गुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घातक गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 6 रन देकर 5 विकेट झटके थे।उनकी इस खतरनाक गेंदबाजी का ही नतीजा था कि कीवी टीम सिर्फ 99 रन पर पवेलियन लौट गई थी।गुल ने उस मैच में सिर्फ 2 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की थी। उस मुकाबले को पाकिस्तान की टीम ने 6 विकेट से अपने नाम किया था।

टी-20 विश्व कप 2022 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज सैम कर्रन ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ कमाल की गेंदबाजी की थी।उन्होंने 3.4 ओवर में सिर्फ 10 रन खर्च किए थे और 5 विकेट अपने नाम कर लिए थे। उनकी इकॉनमी रेट सिर्फ 2.72 की रही थी।उनकी शानदार गेंदबाजी के कारण अफगानिस्तान की पूरी टीम सिर्फ 112 रन पर पवेलियन लौट गई थी। इंग्लैंड को उस मुकाबले में 5 विकेट से जीत मिली थी।

## बेंगलुरु को 4 विकेट से हराकर क्वॉलीफायर-2 में पहुंची राजस्थान



### » आईपीएल 2024 से बाहर हुई आरसीबी

**अहमदाबाद,23 मई 2024।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2024 के एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु को हराकार क्वालीफायर-2 में पहुंच गई है। राजस्थान ने आरसीबी को 4 विकेट से हराया। अब क्वालीफायर-2 में राजस्थान का सामना 24 मई को सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 8 विकेट पर 172 रन बनाए. जवाब में राजस्थान की टीम ने 19 ओवर में 6 विकेट गंवाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए यशस्वी जयसवाल ने सबसे ज्यादा 45 रनों की पारी खेली। जबकि रियान पराग ने 36 और हेटमायर ने 26 रनों का योगदान दिया। आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट चटकाए. जबकि ग्रीन, लोकी फर्ग्यूसन और कर्ण शर्मा को 1-1 सफलता मिली। 173 रनों की लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान के लिए दोनों ओपनर यशस्वी जयसवाल और टॉम कोहलर-कैडमोर ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई। लेकिन फिर टॉम कोहलर-कैडमोर को लोकी फर्ग्यूसन ने चलता किया. टॉम कोहलर 15 गेंद पर 20 रन बनाए। इसके बाद 30 गेंद पर 45 रनों की पारी खेलकर जायसवाल आउट हो गए। उन्हें ग्रीन ने चलता किया।

इसके बाद संजू सैमसन 13 गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हो गए, उन्हें करण शर्मा ने विकेट के पीछा स्टंप आउट करवाया। फिर 8 रन बनाकर ध्रुव जुरेल रनआउट हो गए। विराट कोहली ने शानदार थ्रो किया था। इसके बाद शिमरोन हेटमायर की 26 रन और रोवमन पॉवेल की 16 रनों की पारी ने राजस्थान को जीत दिलाई।

## विक्रांत मैसी और मौनी रॉय स्टारर ब्लैकआउट का पोस्टर हुआ रिलीज, थ्रिलर ड्रामा 7 जून को जियोसिनेमा में देगी दस्तक




अभिनेता विक्रांत मैसी एक और फिल्म लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं। लंबे समय से प्रशंसक उनकी नई फिल्म का इंतजार कर रहे थे। 16 मई को आगामी थ्रिलर ड्रामा फिल्म ब्लैकआउट' के निर्माताओं ने फिल्म के पहले पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख का खुलासा कर दिया। आगामी फिल्म में विक्रांत मैसी और मौनी रॉय मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। निर्माताओं ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर साझा किया, जिसमें फिल्म के कलाकार विक्रांत मैसी, मौनी रॉय, सुनील ग्रोवर और अन्य दिख रहे हैं। निर्माताओं ने पहले पोस्टर के साथ-साथ इसके रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी।निर्माताओं द्वारा साझा किए गए पोस्टर में विक्रांत और मौनी काफी हैरान दिखाई दे रहे हैं। वहीं, सुनील ग्रोवर ने हाथ में फावड़ा है और वह मुस्कुरा रहे हैं। दूसरी ओर सौरभ और करण लाल रंग की कार के अंदर बैठे बहुत ही ज्यादा हैरान दिख रहे हैं। विक्रांत के चारो ओर सोना बिखरा पड़ा है। पोस्टर साझा करते हुए प्रोडक्शन ने कैप्शन दिया, इस कहानी के सभी पात्रों की लाइफ की लग चुकी है। विस्तार से जानने के लिए इंतजार करें और देखें। स्ट्रीमिंग 7 जून को जियो सिनेमा पर होगी।'विक्रांत मैसी के आगामी परियोजनाओं की बात करें तो वह द साबरमती रिपोर्ट' पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ राशि खन्ना भी हैं। वहीं, मौनी राय की बात की जाए तो अभिनेत्री को हाल ही में इमरान हाशमी के साथ वेब सीरीज शोटाइम' में देखा गया था। जबकि, सुनील ग्रोवर हाल ही में शाहरुख खान स्टारर जवान में नजर आए थे।

## कमल हासन की इंडियन 2 की सामने आई रिलीज डेट




### 12 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

साउथ एक्टर कमल हासन और निर्देशक शंकर की मोस्ट अवेटेड फिल्म इंडियन 2 का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कमल हासन की यह फिल्म अब रिलीज के लिए तैयार है। जी हां खबरें हैं कि इंडियन 2 को रिलीज डेट मिल गई है। मेगास्टार की यह फिल्म सिनेमाघरों में कब रिलीज होगी। कमल हासन की इंडियन 2 का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नई रिलीज डेट के बारे में अभी कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट कुछ दिनों में होने की उम्मीद है। जैसा कि कमल हासन ने यह कंफर्म हुआ है कि इंडियन 2 के पोस्ट प्रोडक्शन का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। निर्देशक शंकर पिछले कुछ महीनों से इंडियन 2 और गेम चांगर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जुलाई में रिलीज होने वाली इंडियन 2 को लेकर ट्रेड सर्किल में चर्चा है। खबरों की मानें तो मेकर्स ने रिलीज डेट 12 जुलाई तय की है। कमल हासन ने फिल्म के बारे में अपडेट शेयर करते हुए बताया था कि, हमने इंडियन 2 और इंडियन 3 पूरी कर ली है। पोस्ट-प्रोडक्शन इंडियन 2 का काम अभी चल रहा है। हम इसे खत्म करने के बाद इंडियन 3 के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम शुरू करेंगे। इंडियन 2 को पिछले कुछ वर्षों में कई बाधाओं का सामना करना पड़ा है। फिल्म सेट पर एक क्रेन दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद शूटिंग रोक दी गई। फिल्म के कलाकारों में कमल हासन,सिद्धार्थ,काजल अग्रवाल,रकुल प्रीत सिंह,एसजे सूर्या, बॉबी सिम्हा, प्रिया भवानी शंकर और समुथिरकानी खास रोल में हैं।





## फिल्म मल्हार का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट

### हिंदी और मराठी भाषा में 31 मई को होगी रिलीज

अभिनेत्री अंजलि पाटिल अपनी आगामी फिल्म मल्हार को लेकर चर्चा में हैं. यह फिल्म अनोखी दोस्ती, निस्वार्थ प्रेम और अटूट रिश्तों की कहानी है. फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर हाल ही में रिलीज किया गया है, जिसमें अंजलि के अलावा शारिब हाशमी, ऋषि सक्सेना, श्रीनिवास पोखले, विनायक पोटदार, मोहम्मद समद और अक्षता अचार्य भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं.यह फिल्म 31 मई 2024 को सिनेमाघरों में हिंदी और मराठी दोनों भाषाओं में रिलीज होगी. फिल्म का निर्देशन विशाल कुंभर ने किया है, वहीं निर्माण प्रफुल्ल पासड द्वारा किया गया है. फिल्म को वी मोशन पिक्चर्स द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है.निर्माता प्रफुल पसाड की फ़िल्म मल्हार का पोस्टर लॉन्च मुम्बई के रेड बल्ब स्टूडियो में किया गया जहाँ प्रोड्यूसर डायरेक्टर और सभी ऐक्टर्स के साथ फ़िल्म से जुड़ी पूरी टीम उपस्थित थी। पोस्टर में अंजली पाटिल का लुक एकदम अलग दिख रहा है जो उनके अनोखे किरदार की झलक प्रस्तुत कर रहा है वहीं शारिब हाशमी भी घनी मूंछों में प्रभावित कर रहे हैं।निर्माता प्रफुल्ल पसाड का कहना है कि मल्हार गांव कच्छ में घटित हो रही तीन स्टोरीज का अद्भुत संगम है। हमने फ़िल्म को रोचक अंदाज में पिरोया है ताकि दर्शकों के लिए पूरा मनोरंजन मिले। यह फिल्म दो सबसे अच्छे दोस्तों की कहानी कहती है। सुनने के यंत्र की मरम्मत के लिए उनके संघर्ष के इर्द-गिर्द यह स्टोरी घूमती है।चक्रव्यूह और न्यूटन सहित कई हिंदी, मराठी और साउथ फिल्मों में अपनी अदाकारी के जौहर दिखा चुकी अभिनेत्री अंजली पाटिल भी मल्हार की इंगेजिंग कहानी को लेकर काफी उत्साहित हैं। वह कहती हैं कि फ़िल्म की तीन कहानियों में से एक कहानी केसर की है जिसकी शादी लक्ष्मण से हाल ही में हुई है जो उस गांव के सरपंच का बेटा है। शादी के कुछ दिनों बाद भी वह गर्भवती नहीं हो रही है इसलिए उसके ससुराल वाले उसे लगातार कोस रहे हैं और वह इससे कैसे बाहर निकलती है।अभिनेता शारिब हाशमी मल्हार का हिस्सा बनकर खुश हैं। वह कहते हैं कि फ़िल्म की 3 स्टोरीज में से एक स्टोरी जावेद और उसकी बड़ी बहन जैस्मीन की है। जैस्मीन को हिंदू लड़के जतिन से प्यार हो जाता है। कहानी उनके मिलने और एक साथ रहने के संघर्ष को दिखाती है कैसे वे इस प्यार और इसके परिणाम का सामना करते हैं, कहानी इसी बारे में है।फ़िल्म में श्रीनिवास पोकळे, शारिब हाशमी, अंजली पाटिल, ऋषि सक्सेना, मोहम्मद समद और अक्षता आचार्य ने अभिनय किया है फ़िल्म के निर्माता प्रफुल्ल पसाडऔर निर्देशक विशाल कुंभार द्वारा निर्देशित है। फिल्म के संवाद सिद्धार्थ साळवी, स्वप्नील सीताराम और पटकथा विशाल कुंभार, अपूर्वा पाटील ने लिखे हैं। छायांकन गणेश कांबळे का, संकलन अक्षय कुमार , संगीत टी. सतीश और सारंग कुलकर्णी ने दिया है। फ़िल्म हिन्दी और मराठी भाषा में एक साथ 31 मई को सिनेमागृहों में रिलीज़ होगी ।

## मराठी अभिनेत्री हेमल इंगले आईपीएल 2024 में एंकर के रूप में अपनी शुरुआत की



मराठी अभिनेत्री हेमल इंगले ने आईपीएल 2024 में एक एंकर के रूप में शानदार शुरुआत की और अपने आकर्षण और उत्साह से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।पहले ही मैच से, हेमल इंगले के आकर्षक व्यक्तित्व और क्रिकेट के गहन ज्ञान ने आईपीएल प्रशंसकों का दिल जीत लिया, जिससे वह एक घरेलू नाम बन गईं।हेमल की धाराप्रवाह मराठी एंकरिंग ने आईपीएल प्रसारण में एक क्षेत्रीय स्पर्श लाया, मराठी भाषी दर्शकों को प्रसन्न किया और कमेंट्री में विविधता जोड़ी।हेमल इंगले के विशेष पर्दे के पीछे के खंडों ने प्रशंसकों को टीम की तैयारियों और खिलाड़ियों की मानसिकता के बारे में अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिससे देखने का अनुभव बढ़ गया।हेमल के बेदाग फैशन सेंस ने आईपीएल सीजन के दौरान नए ट्रेंड सेट किए। उनके स्टाइलिश आउटफिट दर्शकों और फैशन प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बन गए।हेमल ने शीर्ष आईपीएल खिलाड़ियों और मशहूर हस्तियों के साथ आकर्षक साक्षात्कार आयोजित किए, व्यक्तिगत कहानियाँ और हास्य उपाख्यान निकाले जो दर्शकों को पसंद आए।इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हेमल की उपस्थिति आसमान छू रही है, प्रशंसक उनके अपडेट और आईपीएल के पर्दे के पीछे की झलकियों को उत्सुकता से देख रहे हैं।अपने एंकरिंग आकर्षण के अलावा, हेमल ने खेल के प्रति अपनी विशेषज्ञता और जुनून का प्रदर्शन करते हुए अपने गहन क्रिकेट विश्लेषण से दर्शकों को प्रभावित किया।हेमल इंगले के इंटरैक्टिव सत्रों और प्रशंसकों की व्यस्तताओं ने क्रिकेट प्रेमियों का एक मजबूत समुदाय बनाने में मदद की, जिससे उनके अनुयायियों के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ावा मिला।आईपीएल एंकर के रूप में हेमल के सफल कार्यकाल ने एक नया मानदंड स्थापित किया है, जिससे साबित होता है कि वह न केवल एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, बल्कि खेल प्रसारण में भी उनकी शानदार उपस्थिति है।


## अमायरा दस्तूर का सेक्सी बॉडीकॉन ड्रेस में दिखा दिलकश अंदाज

### एक्ट्रेस की हॉटनेस ने यूजर्स को किया घायल



बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री अमायरा दस्तूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ आकर्षक तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वे एक ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं.। इस ड्रेस में उनका दिलकश अंदाज सबको मोहित कर रहा है। अमायरा की इन तस्वीरों में उनके खुले बाल और उनकी ग्लैमरस पोज़िंग ने फैंस को उनकी और आकर्षित किया है। इस आउटफिट में अमायरा ने न केवल अपने स्टाइल का परिचय दिया, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि कैसे एक सिंपल लुक को भी उत्कृष्ट बनाया जा सकता है। उनकी इन तस्वीरों को देख कर यूज़र्स के बीच खासी चर्चा हुई और उन्होंने अमायरा के लुक को खूब सराहा है। अमायरा दस्तूर अपनी इन ताजा तस्वीरों के जरिए न केवल अपनी स्टाइलिश छवि को बरकरार रखती हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि वे अपनी प्रत्येक पोज़ में कितनी आत्मविश्वासी और आकर्षक दिखती हैं। उनकी यह तस्वीरें निश्चित रूप से उनके फैंस को और भी दीवाना बना देंगी।

# महादेव सट्टा ऐप मामले में बड़ा खुलासा




» **बर्खास्त सिपाही यादव को मिली 14 दिन की रिमांड**

**रायपुर,23 मई 2024 (ए)।** महादेव सट्टा मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार बर्खास्त सिपाही अर्जुन यादव को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। 8 की पहली रिमांड पूरी होने पर ईओडब्लू ने आज विशेष न्यायालय में पेश किया था। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया । उसे ईओडब्लू ने मप्र के हिल स्टेशन पचमढ़ी से गिरफ्तार कर लाया था। इस पर सट्टे से मिली रकम को पुलिस अधिकारियों और राजनेताओं तक पहुंचाने का आरोप है।

## रानू साहू और सौम्या चौरसिया को मिली ईओडब्लू की रिमांड

छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाला केस में ईओडब्लू को रानू साहू और सौम्या चौरसिया की रिमांड मिल गई है। दोनों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर ईओडब्लू की टीम रायपुर स्पेशल कोर्ट पहुंची थी। यहां टीम ने 15 दिन की रिमांड मांगी थी हालांकि कोर्ट से 5 दिन की ही रिमांड मिली है। ईओडब्लू अब 27 मई तक दोनों से कोयला घोटाला केस में पूछताछ करेगी। इससे पहले तक निलंबित आईएएस रानू साहू और सौम्या चौरसिया रायपुर सेंट्रल जेल में बंद थीं। गुरुवार को जज अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट ने दोनों की रिमांड ईओडब्लू को सौंप दी है।



बचाव पक्ष के वकील फैजल रिज़वी ने कहा कि, ईओडब्लू ने गिरफ्तारी के बाद एप्लीकेशन लगाई है, उन्होंने मांग की है कि 5 जून तक रिमांड दी जाए। इसका हमने विरोध किया है। हमने कहा है कि, श्रेष्ठ के केस में एक की बेल हो गई है और रानू साहू की बेल सुप्रीम कोर्ट में लगी हुई है। वहीं सौम्या चौरसिया की बेल पर भी हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है इस वजह से ही फिर गिरफ्तारी की जा रही है। रिमांड मांगने के लिए भी कुछ पुख्ता तथ्य पेश नहीं किए गए हैं। 3 दिन तक पहले ही पूछताछ हो चुकी है इसलिए हमने रिमांड पर आपत्ति जताई है। इससे पहले भी विशेष कोर्ट 5 दिन और फिर 3 दिन के लिए पूछताछ की अनुमति दे चुकी है। तब टीम ने रायपुर सेंट्रल जेल में 29 मार्च से 2 अप्रैल तक और उसके बाद 4 से 7 अप्रैल तक पूछताछ की थी। इसी मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस समीर विश्नोई, शिवशंकर नाग और सूर्यकांत तिवारी से पूछताछ हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाले मामले में श्रेष्ठ की रिपोर्ट पर एसीबी-ईओडब्लू ने दो पूर्व मंत्रियों, विधायकों सहित 36 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। वहीं, इस मामले में एसीबी की टीम ने जांच शुरू कर दी है। श्रेष्ठ ने इस मामले में अब तक कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सचिवालय में काम करने वाली अधिकारी सौम्या चौरसिया, आईएएस समीर विश्नोई समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। 222 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है और इस पूरे मामले की जांच जारी है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के अलावा इसे प्रदेश का बड़ा आर्थिक अपराध मानते हुए एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी।

## दीपक बैज का बीजेपी पर हमला

» **क्या भाजपा सरकार ने नहीं दिया विज्ञापन पोस्टर अटैक पर कहा हार की बौखलाहट में बीजेपी...**



**रायपुर,23 मई 2024 (ए)।** राहुल गांधी के मीडिया को लेकर दिए बयान पर सियासी घमासान मचा हुआ है। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राहुल गांधी ने कुछ मीडिया संस्थानों के संबंध में कहा है। मुख्यमंत्री उनके बयानों को गलत ढंग से पेश कर रहे हैं। क्या बीजेपी सरकार ने विज्ञापन नहीं दिया, प्रचार नहीं किया।

बीजेपी के पोस्टर अटैक पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, बीजेपी को आने वाले चुनाव में हार दिखाई दे रहा है। बौखलाहट में वे तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं. इंडिया गठबंधन के लिए पूरे देश में जबरदस्त माहौल है। स्पष्ट बहुमत के साथ इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है. हार नरेंद्र मोदी के चेहरे पर झलक रही है।

अगर इंडिया गठबंधन सरकार बनी तो कौन होगा बीजेपी वाले अमित शाह के बयान पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, अमित शाह चुनाव में अपनी हार मान चुके हैं. कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी. स्पष्ट तौर पर राहुल गांधी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

दिल्ली दौरे से लौटे पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, 2 दिन का दिल्ली दौरा था। कैंपेनिंग में सभी लगे हुए हैं। दिल्ली के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में हमने चुनाव प्रचार किया। दिल्ली के सातों सीटों पर कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी जीतेंगे।

# एम्स के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

» **509 छात्रों को दी जाएंगी उपाधि**

**रायपुर,23 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के द्वितीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शामिल होंगी। एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल और उषा जिंदल ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित किया। इस बार दीक्षांत समारोह में 509 चिकित्सा छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएंगी।






एम्स प्रबंधन का कहना है कि दीक्षांत समारोह की तिथि तय नहीं हुई है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में उम्मीद है। लेफ्टिनेंट जनरल जिंदल ने बताया कि एम्स के लिए यह गौरव का क्षण है कि समारोह के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने राष्ट्रपति से दीक्षांत समारोह में मुख्य अभिभाषण के साथ स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए भी अनुरोध किया है। दीक्षांत समारोह में एमबीबीएस के 203 छात्रों (2017 और 2018 बैच), बीएससी (नर्सिंग) की 116 छात्राओं (2018 और 2019 बैच),एमडी, एमएस, एमडीएस के 143 और डीएम व एमसीएच की 14 डिग्री प्रदान की जाएंगी। चार छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह के सुचारू आयोजन के लिए एम्स की ओर से विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।

### माओवादियों के इलाके में जवानों को मिली बड़ी सफलता

# जवानों ने सात नक्सलियों को किया ढेर

**नारायणपुर,23 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में माओवादी संगठन के बटालियन नम्बर-5 के साथ जवानों की जबरदस्त मुठभेड़ चली, बताया जा रहा है कि नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा की फोर्स ने नक्सलियों को घेर रखा है और दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग चली। अब तक 7 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं.। दरअसल नारायणपुर जिले का अबूझमाड़ ओरछा बीजापुर जिले का सीमावर्ती इलाका है और यहां लगातार नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पुलिस को मिल रही थी, जिसके बाद गुरुवार की सुबह तीनों जिलों की फोर्स जिसमें आईटीबीपी, एसटीएफ, डीआरजी और बस्तर बटालियन के जवानों ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर नक्सलियों के ठिकाने पर दबिश दी और लगातार पिछले 2 घंटे से जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मौक़े से 05 ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद किया गया है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार,




दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय और बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा जवानों के सम्पर्क में हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। तेज धूप और भीषण गर्मी के मौसम में भी नक्सल विरोधी अभियान के तहत लगातार जवान नक्सलियों के ठिकाने पर दबिश दे रहे हैं. गुरुवार (23 मई) को तड़के सुबह जिस इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है, यह इलाका घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र हैं, और यहां पहली बार फोर्स पहुंची।.

जैसे ही पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली कि इस इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी है और उसके बाद गुरुवार की तड़के सुबह ऑपरेशन लॉन्च कर इस इलाके में जवानों की संयुक्त टीम को भेजा गया। जवानों का नक्सलियों से आमना सामना हुआ है और लगातार दोनों ओर से मुठभेड़ जारी है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि जवानों से जानकारी मिली है कि नक्सलियों ने यहां अपना अस्थाई कैंप बना रखा था. यहां 50 से 60 की संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी दिखी, जिसके बाद जवानों ने नक्सलियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की है, एसपी का दावा है कि इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को गोली लगी है, मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने की खबर है, लेकिन जवानों के वापस लौटने के बाद ही इसकी पुष्टि हो पाएगी, फिलहाल जवानों ने चारों ओर से नक्सलियों को घेर रखा है, और लगातार मुठभेड़ जा रही थी।

# छत्तीसगढ़ में टैक्स चोरी रोकने बनेगा सतर्कता प्रकोष्ठ

» **विजिलेंस सिस्टम लागू**

**रायपुर,23 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के पंजीयन और मुद्रांक विभाग में विजिलेंस सिस्टम लागू कर दिया गया है। यह राज्य का तीसरा प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाला विभाग है। विभाग के राजस्व योगदान को बढ़ाने और किसी भी संभावित राजस्व कर चोरी को रोकने के लिए विभागीय मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक कार्यालय में एक सतर्कता प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है।




### 5 करोड़ की रजिस्ट्री की समीक्षा सतर्कता प्रकोष्ठ करेगा

विजिलेंस प्रकोष्ठ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों, कारखानों के अधिग्रहण, समामेलन तथा स्वामित्व अंतरण के प्रकरणों में निर्धारित बाजार मूल्य एवं स्टांप शुल्क की जांच सतत रूप से की जाएगी। उप पंजीयक कार्यालय में 5 करोड़ से अधिक कीमत की रजिस्ट्री की समीक्षा भी सतर्कता प्रकोष्ठ करेगा। सतर्कता प्रकोष्ठ अपने कार्यों के निष्पादन के लिए दूसरे विभागों से सहायता प्राप्त कर सकेगा, मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण भी कर सकेगा।

### टैक्स चोरी की जानकारी सतर्कता प्रकोष्ठ उपलब्ध कराएगी

अत्याधुनिक तकनीक से डाटा एनालिसिस के द्वारा सतर्कता प्रकोष्ठ को इनपुट उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष डेटा विश्लेषण टीम की स्थापना सतर्कता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत की जाएगी। यह टीम पंजीयन दस्तावेज़ो से प्राप्त डेटा पर विश्लेषण कर संभावित कर अपवंचन (टैक्स चोरी) के प्रकरणों की जानकारी सतर्कता प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराएगी। देश के दूसरे राज्यों तथा दूसरे कराधान विभागों में कर प्रणाली में समय-समय पर होने वाले परिवर्तन का अध्ययन एवं समायोजन भी सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा किया जाएगा। सतर्कता प्रकोष्ठ की स्थापना से कर अपवंचन में प्रभावी रोकथाम तथा राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी।

# राजस्व के पेंडिंग मामलों पर सख्त हुए मंत्री टंकराम वर्मा

» **संबधित अधिकारियों पर गिरेगी गाज**

**रायपुर,23 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के खेल व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी और नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस के 300 सीटों पर जीत के दावे को हास्यास्पद बताया है। वहीं राहुल गांधी के मीडिया बिकाऊ है वाले बयान को लेकर केबिनेट मंत्री वर्मा ने भारतीय मीडिया को देश की ताकत बताते हुए राहुल पर जमकर हमला बोला है। इसके अलावा उन्होंने राजस्व के पेंडिग मामलों पर सख्ती दिखाई है।

राजस्व के 40 हजार मामले पेंडिग

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रदेश में राजस्व की पेंडिंग मामलों पर कहा,



कि रेवेन्यू के 40 हजार से ज्यादा मामले एक साल से पेंडिंग हैं। किसानों को भटकना न पड़े, इसके लिए राज्य सरकार लंबित प्रकरणों का 6 महीने में निपटारा करेगी। उन्होंने आगे कहा, कि समय पर मामलों का निपटारा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों पर गाज गिरेगी।

### कांग्रेस के जीत के दावों पर मंत्री टंकराम

केबिनेट मंत्री वर्मा ने कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव में 300 सीटों पर जीत के दावों को लेकर कहा, कि कांग्रेस के बातों पर मुझे हंसी आती है, 400 सीटों से ऊपर बीजेपी की जीत होगी। सभी वर्गों के लिए मोदी सरकार ने काम किया है। बीजेपी की सरकार बनेगी कोई संदेह नहीं है।

# 26 मई को होने वाली परीक्षा हुई रद्द

### नयी तारीखों का जल्द होगा ऐलान

**रायपुर,23 मई 2024 (ए)।** शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन की परीक्षा स्थगित हो गयी है। शीघ्रलेखन और मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परिषद्,लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन की विभिन्न गति की



डिप्रेशन प्रति घंटे के मान से आयोजित की जाने वाली कौशल परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

# संस्कृत बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में गड़बड़ी

» **सचिव का किया तबादला, दो कर्मचारी सस्पेंड**

**रायपुर,23 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम की मेरिट लिस्ट में गड़बड़ी पाई गई थी। जिसमें एक स्टूडेंट को मेरिट लिस्ट में तीसरे नंबर पर रखा गया, लेकिन पड़ताल हुई तो पता चला कि उसने परीक्षा ही नहीं दी थी। इस मामले में सरकार ने मंडल की सचिव अलका दानी को हटाकर उसे स्कूल शिक्षा विभाग में वापस भेज दिया गया है। उसके स्थान पर राकेश पांडेय को




मंडल का सचिव बनाया गया है। वहीं परीक्षा प्रभारी असिस्टेंट डायरेक्टर लक्ष्मण प्रसाद साहू को सस्पेंड कर दिए गए। साथ ही,क्लर्क लेवल के दो कर्मचारियों को संस्कृत बोर्ड से सीधे ही बर्खास्त कर दिया गया है।

# डीजे में नाचने को लेकर बाराती-घराती के बीच जमकर विवाद

» **दूल्हे की हुई पिटाई**

**बिलासपुर,23 मई 2024 (ए)।** बिलासपुर में डीजे में नाचने को लेकर बाराती और लड़की वालों के बीच जमकर विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे चलाए। वहीं, लड़की वालों ने दूल्हे की जमकर पिटाई कर दी और उसकी कार में तोड़फोड़ भी की। मारपीट से घायल दूल्हे ने थाने में शिकायत की है। दूसरे पक्ष से लड़की वालों ने भी बारातियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। यह पूरा मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, हिर्री निवासी सुभाष कुर्रे की शादी मस्तूरी क्षेत्र के देवगांव में रहने वाले बद्री प्रसाद नवरंग की बेटी से तय हुई थी। मंगलवार को उनकी शादी थी। इस दौरान बाराती देवगांव पहुंचे थे। वहां पर बाराती डीजे की धुन पर नाच रहे थे। इसी दौरान देवगांव के कुछ युवक भी बारातियों के साथ नाचने लगे। लड़की पक्ष के तरफ से कुछ युवकों को नाचते देख बारातियों ने विवाद शुरू कर दिया। जिस पर नाचने से मना करने पर लड़की पक्ष के युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। फिर देखते ही देखते जमकर लात-घूंसे




चले। इस हमले में सुरेंद्र कुर्रे, विरेंद्र कुर्रे, दशेन और गंगा प्रसाद को चोटें आईं। इस दौरान लड़की वाले युवक दूल्हे की कार तक पहुंच गए और तोड़फोड़ करने लगे। दूल्हा सुभाष कुर्रे के मना करने पर युवकों ने उसकी भी जमकर पिटाई कर दी। सुभाष ने इस घटना की शिकायत मस्तूरी थाने में की है, जिस पर पुलिस ने लड़की पक्ष के कमोद डहरिया, जमशेद डहरिया और उनके अन्य साथियों पर मारपीट और तोड़फोड़ का केस दर्ज किया है। इधर, लड़की वालों की तरफ से जमशेद डहरिया ने भी पुलिस से शिकायत की है। उसने बताया कि मंगलवार को उनकी रिश्ते की भांजी की शादी थी। बाराती गांव के अटल चौक के पास डीजे पर नाचते हुए गाली-गलौज कर रहे थे। गांव के लोगों ने गाली-गलौज न करने की बारातियों को समझइश दी। इस पर दूल्हे का भाई और अन्य लोग गाली-गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर बारातियों ने गांव के लोगों की पिटाई शुरू कर दी। मारपीट से जमशेद और उसके साथियों को चोटें आईं हैं। इस पर पुलिस ने दूल्हे के भाई और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने संविधान की मूल भावना के साथ किया खिलवाड़

» **इंडी गठबंधन की ममता बनर्जी संविधान की धज्जियां उड़ा रही है और उनके साथी राहुल गांधी संविधान हाथ में लेकर घूम रहे हैं:किरण देव**

**रायपुर,23 मई 2024 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस कथन का तीखा प्रतिकार करते हुए न्यायालय की खुली अवहेलना करार दिया है, जिसमें ममता बनर्जी यह कहती नजर



आ रही हैं कि मैं कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करूंगी, बंगाल में मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण देना नहीं छोड़ूंगी। श्री देव ने आरक्षण को लेकर दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले के बाद बनर्जी के वायरल हुए वीडियो का हवाला देकर कहा कि ममता बनर्जी का कथन न केवल संविधान की आत्मा को लहूलुहान करने वाला है, अपितु इससे यह भी एकदम साफ हो गया है कि संविधान और आरक्षण के नाम पर झूठा प्रचार करके कांग्रेस और भाजपा विरोधी दल देश को भ्रमित करने का शर्मनाक कृत्य कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि ममता बनर्जी की सरकार गैर-संवैधानिक तरीके से, तुष्टीकरण की नीति को आगे बढ़ा रही थीं। भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म कर देने के झूठे आरोप लगाकर कांग्रेस और उसका इंडी ठगबंधन' अपने पाप-कर्मों को छिपाने की साजिश में लगा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)